


सभी देशवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

www.currentcrime.com

# दैनिक करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 14 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 184 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3













## आज देशभर में 'आप' मनाएगी 'संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ दिवस'



**नई दिल्ली।** आप नेता ने कहा कि यह कार्यक्रम देश भर के राज्यों की राजधानियों में पार्टी कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। राय ने बुधवार को कहा था कि यह कार्यक्रम केजरीवाल की सलाह पर हो रहा है जिन्होंने जेल से एक संदेश में आप विधायकों और कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने को भी कहा था कि दिल्ली के लोगों को कोई समस्या न हो। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि पार्टी 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देश भर में 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस' मनाएगी।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, राय ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता संविधान की प्रस्तावना पढ़ेंगे और संविधान को बचाने की शपथ लेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 'हमारे लोकतंत्र और संविधान पर हमला कर रही है।' राय ने कहा, 'इसका मुकाबला करने के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है।'

गोपाल राय ने कहा, 'रविवार को, हम एक दिवसीय कार्यक्रम 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस' मनाएंगे, जहां आप कार्यकर्ता अपने राज्यों में पार्टी कार्यालयों में एकत्र होंगे और हमारे लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने की शपथ लेंगे।'

आप नेता ने कहा कि यह कार्यक्रम देश भर के राज्यों की राजधानियों में पार्टी कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा।

राय ने बुधवार को कहा था कि यह कार्यक्रम केजरीवाल की सलाह पर हो रहा है जिन्होंने जेल से एक संदेश में आप विधायकों और कार्यकताओं से यह सुनिश्चित करने को भी कहा था कि दिल्ली के लोगों को कोई समस्या न हो।

## मतदान प्रतिशत पर टिका है चुनाव का रोमांच

### इलाके का रुझान बदलेगा समीकरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सियासी दल अब मैदान में है। लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सबसे ज्यादा आत्मविश्वास से लबरेज भाजपा दिखाई दे रही है वहीं अन्य दलवी यहां अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। चुनावी जानकारी का मानना है कि इस बार चुनाव का रोमांच मतदान के प्रतिशत पर भी निर्भर करेगा मतदान जितना अधिक होगा चुनाव उतना ही रोचक हो जाएगा।

मतदान के प्रतिशत के साथ-साथ लोकसभा के इलाकों का भी इस रोमांच में बड़ा रोल रहने वाला है जिन इलाकों में मतदान ज्यादा होगा उन इलाकों में रहने वाली आबादी से इसकी तुलना होगी जिन इलाकों में मतदान काम होगा वहां का सियासी गढ़ देखा जाएगा। अब जानकार बता रहे हैं कि अगर नदिया पार के हाईराइज इलाकों में पॉश कॉलोनी में मतदान का प्रतिशत बढ़ता है तो इसका सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। अगर यही मतदान का प्रतिशत मुस्लिम इलाकों में बढ़ता है तो फिर यह लाभ किस जाएगा इस पर चिंतन हो सकता है मुस्लिम वोटो का रुझान बसपा की तरफ हो सकता है मुस्लिम वोटो का रुझान कांग्रेस उम्मीदवार की तरफ हो सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मतदान के प्रतिशत पर इस पूरे चुनाव का रोमांच टिका है। मतदान का प्रतिशत अगर धीमा रहता है तो फिर यहां भी कई समीकरण प्रभावित होंगे ऐसा नहीं है कि धीमी मतदान या तेज मतदान का लाभ एक ही दल को मिलेगा। वैसे भी राजनीति में यह माना जाता है कि यदि मतदान का प्रतिशत किसी भी इलाके में 60% को पार करता है और 70% की तरफ चलता है तो यह लहर का वोट होता है यह किसी एक उम्मीदवार के पक्ष में स्पष्ट जनादेश होता है और इस परिवर्तन का वोट भी माना जाता है। अपनी अपनी चुनावी तैयारी को सभी उम्मीदवार मैदान में लेकर आ गए हैं कोई भी उम्मीदवार अपनी तरफ से कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रहा है वह गली बस्ती से लेकर पॉश कॉलोनी और शहर से लेकर गांव की तरफ दौड़ रहा है। अब जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे मतदान प्रतिशत को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है सभी दलों का यह प्रयास है कि उनके अपने-अपने क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बड़े जिससे उन्हें इसका लाभ मिले वही लोकतंत्र महोत्सव की तैयारी में जुटा निर्वाचन विभाग भी यह चाहता है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान में भाग ले मतदान का प्रतिशत बढ़े।

मतदान का प्रतिशत भी किसी को चुनाव में मजबूती देगा कहीं यह घटा समीकरण किसी को झटका दे सकता है तो कहीं यह बड़ा समीकरण किसी को माइलेज दे सकता है।

### वोटर लिस्ट अपडेट के लिए चले कई अभियान

**करंट क्राइम।** मतदान प्रतिशत बड़े और अधिक से अधिक लोग चुनाव प्रक्रिया में भाग ले इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग ने पूरे प्रयास किए हैं। मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए लगातार कई अभियान चलाए गए विभिन्न माध्यमों के जरिए से लोगों को इसकी सूचना दी गई। इतना ही नहीं घर-घर पर्ची भी भेजवाई गई ब्लू भी गई और राजनीतिक दलों के कार्यकताओं को भी साथ लेकर प्रशासन ने मतदाता सूची को अपडेट किया है। इस पूरी कावड़ का उद्देश्य भी यही था कि क्षेत्र में रहने वाले लोग अधिक से अधिक संख्या में वोटर सूची में दर्ज हो जाए जो लोग क्षेत्र में नहीं रहते हैं लेकिन उनके नाम वोटर सूची में दर्ज हैं वह नाम भी कटवाए गए हैं। पूरा प्रयास यह रहा है कि लोकतंत्र के महोत्सव में क्षेत्र के सभी नागरिक अधिक से अधिक संख्या में भाग ले। निर्वाचन विभाग का लगातार यह प्रयास है कि मतदान का प्रतिशत बड़े चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष हो और अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान में हिस्सा लें।

## आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह का फिर दिखा एक अलग अंदाज

### इस बार चाय बनाते हुए दिया मतदान जागरूकता वाला संदेश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का बीते कुछ दिनों में अलग-अलग अंदाज वाला वीडियो सामने आया है। बीते दिनों उन्होंने मतदाता जागरूकता और मतदान को लेकर बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान कभी बस की सीट स्टेरिंग संभाली, तो कभी वह फोटोग्राफ की भूमिका में दिखाई दिए। दोनों ही कियाओं को करके उन्होंने मतदान में जागरूकता लाने का संदेश दिया। तो शनिवार को भी उनका संदेश मतदान बढ़ाने को लेकर ही था।

वह शर्ट पहने हुए थे और मतदान बढ़ाने का संदेश देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर की कैंटीन में पहुंचे। चाय बनाई लोगों से बातचीत की और बताया कि मतदान का हमारे लोकतंत्र में कितना बड़ा स्थान है।

इस दौरान वह यहां कैंटीन स्टाफ के साथ हंसी मजाक करते और उनसे बातचीत करते हुए भी नजर आए। दरअसल जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह गाजियाबाद पर जिम्मेदारी है कि जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाए। इसको लेकर वह अलग-अलग प्रयास कर रहे हैं।

### अधिकारियों की टीम भी आ रही है वीडियो में नजर

**करंट क्राइम :** सोशल मीडिया पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का जो वीडियो चाय बनाने को लेकर वायरल हो रहा है, उसमें मुख्य विकास अधिकारी और स्वीप अभियान की कमान संभालने वाले आईएएस अभिनव गोपाल भी नजर आ रहे हैं। साथ ही डीएम कार्यालय का स्टाफ भी इस वीडियो में दिखाई दे रहा है। दरअसल 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा का मतदान है और यह द्वितीय चरण का चुनाव है। इसको लेकर अधिकारी लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रयास कर रहे हैं और शनिवार को चाय बनाने का जो संदेश दिया गया है उसके पीछे भी मतदान बढ़ाना मकसद बताया जा रहा है।

## अपराधी की सिफारिश से नेताओं को रहना चाहिए दूर
## बालेश्वर त्यागी ने अपने समाज का साझा किया किस्सा



**एसएसपी ने उत्तर दिया कि गाजियाबाद में जो बिल्डर के बच्चे का सनसनीखेज अपहरण हुआ है। उस अपहृत बच्चे को जिस गाड़ी से ले जाया गया है , उस गाड़ी को ये चला रहा था। और एसएसपी ने अपने से कहा कि मैं यह मानने को तैयार नहीं हूं कि इसे यह मालूम न हो कि इस बच्चे का अपहरण करके ले जाया जा रहा है। मुझे भी उसकी गिरफ्तारी में कुछ गलत नहीं लगा और मैंने ठीक है कहकर फोन काट दिया। मैंने उस ग्रुप से कहा कि मैं इस मामले में कोई सिफारिश नहीं कर सकता। मैं पुलिस की कार्रवाई में कुछ भी गलत नहीं पाता हूं। वे भड़क गए और मेरे विरुद्ध नारेबाजी करने लगे।**

**मुझे डर लग रहा है कि अपने समाज केकुछ लोग जो नगण्य सी संख्या में हैं लेकिन समाज को फिर अंधी गली में धकेलने के काम कर रहे हैं। मुझे जब सबसे ज्यादा आश्चर्य तब हुआ जब एक नौजवान ने सोशल मीडिया में समाज के दो नेताओ के साथ साथ दो ऐसे लोगो को समाज का गौरव बताया जिनकी आपराधिक छवि है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैं एक और घटना आप सभी के साथ साझा कर रहा हूँ। एक दिन मैं गाजियाबाद में अपने घर पर लोगों से मिल रहा था।अपने समाज के कुछ लोगों का एक ग्रुप आया और उन्होंने अवगत कराया कि अमुक लड़के को पुलिस उठाकर ले गई है और छोड़ नहीं रही है। मैंने एसएसपी को फोन किया । उस समय बहुत सख्त शैलजा कांत मिश्र एसएसपी थे। मैंने उनसे पूछा कि अमुक लड़के को अमुक थाने की पुलिस घर से उठाकर ले गई है ,क्या मामला है ? एसएसपी ने उत्तर दिया कि गाजियाबाद में जो बिल्डर के बच्चे का सनसनीखेज अपहरण हुआ है। उस अपहृत बच्चे को जिस गाड़ी से ले जाया गया है ,उस गाड़ी को ये चला रहा था। और एसएसपी ने अपने से कहा कि मैं यह मानने को तैयार नहीं हूं कि इसे यह मालूम न हो कि इस बच्चे का अपहरण करके ले जाया जा रहा है। मुझे भी उसकी गिरफ्तारी में कुछ गलत नहीं लगा और मैंने ठीक है कहकर फोन काट दिया। मैंने उस ग्रुप से कहा कि मैं इस मामले में कोई सिफारिश नहीं कर सकता। मैं पुलिस की कार्यवाही में कुछ भी गलत नहीं पाता हूँ। वे भड़क गए और मेरे विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। उनमें एक रिटायर्ड अधिकारी भी थे जिनकी मैंने एक मामले में मदद भी की थी। उसमें जो नौजवान थे ,वह मुझे चेतावनी दे कर गए कि चुनाव में आएगा तब बताएंगे।

वह समय कैसा था जिस समय की घटना है ,अगर उसका उल्लेख न करूं तो बात अधूरी रह जायेगी। 1989 तक उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह जी की सरकार थी। अमेरिका से छपने वाली एक मैगजीन में एक लेख छपा था जिनमे दुनिया के तीन शहरों का उल्लेख था जिनमे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उनमें एक शहर का नाम गाजियाबाद था। अपहरण फिरौती लूट छिनैती की घटनाओं की बाढ़ थी। कभी कभी तो उस समय के डीएम और एसएसपी के बारे में भी चर्चा होती थी कि अपराधियों से उनका सम्पर्क है। दिल्ली से छपने वाले अखबारों में त्यागी गैंग के समाचार छपते थे। मेरे एक सजातीय मित्र ने बम्बई से टेलीफोन किया और कहा कि आज तो गजब हो गया। ट्रेन में दो यात्री आपस में चर्चा कर रहे थे कि ये त्यागी कौन होते ?

आजकल इनके बड़े समाचार आते हैं। तो दूसरे ने कहा कि ये पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जरायम पेशा कौम है। ऐसे समय में पार्टी ने मुझे गाजियाबाद से टिकट दिया और जनता के आशीर्वाद से जीत भी मिली । पार्टी ने सरकार में मंत्री का भी सम्मान दिया। न तो मैं बड़े बाप का बेटा था।न मेरे पास धन था। न मेरी कोई राजनैतिक विरासत थी । पिता जी खेत किसान थे। कभी पंचायत के सदस्य भी नहीं रहे। और गाजियाबाद जैसे शहर से विधायक चुने जाने का सौभाग्य मिला। उस समय तो सजातीय वोटरों की संख्या भी 10000- 15000 से अधिक नहीं रही होगी । समय बदला समाज के युवाओं ने पुरसार्थ दिखाया। समाज के बच्चे डॉक्टर इंजीनियर ,प्रोफेसर वकील वैज्ञानिक बन रहे हैं। अब तो समाज की लड़कियां भी आगे बढ़ रही हैं । न्यायपालिका तक मे अपना स्थान बना रहे हैं। इससे समाज के बारे में धारणा बदली है। समाज भी देश की उन्नति में अपना योगदान कर रहा है। समाज मे हमारे समाज के बारे में भी अच्छी शिष्ट समाज की धारणा बनी है।

मुझे डर लग रहा है कि अपने समाज केकुछ लोग जो नगण्य सी संख्या में हैं लेकिन समाज को फिर अंधी गली में धकेलने के काम कर रहे हैं। मुझे जब सबसे ज्यादा आश्चर्य तब हुआ जब एक नौजवान ने सोशल मीडिया में समाज के दो नेताओ के साथ साथ दो ऐसे लोगो को समाज का गौरव बताया जिनकी आपराधिक छवि है। मैं समाज के उन लोगों से जो समाज के बारे में अच्छा सोचते हैं ,समाज के बच्चों को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। उन्हें उचित मार्गदर्शन दें।

अपनी निष्क्रियता छोड़कर आगे बढ़ें और सही दिशा। दिखाए। उन्हें पानी से आधा भरा गिलास को आधा खाली देखने के बजाय आधा भरा देखने का संस्कार विकसित करें।

## नहीं थम रहा कमिश्नरेट में स्टंट वाले वायरल वीडियो का मामला

### अब युवतियों ने कार में मचाया हंगामा




फोटो : गाजियाबाद करंट क्राइम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोशल मीडिया पर एक कार की खिड़की पर बैठकर स्टंट करने दो युवतियों का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के होने का दावा किया गया। इस दौरान उन्हें कहीं पुलिस नहीं मिली। एक्स पर वीडियो अपलोड कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

एक एक्स अकाउंट से 27 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें एक स्कॉर्पियो एन कार जाती दिख रही है। जिसकी खिड़की के दोनों शीशे खोलकर दो युवतियों बैठकर स्टंट करती दिख रही हैं। सनरूफ को खोलकर एक युवक बीच सीट पर बाहर की तरफ खड़ा है।

वीडियो के साथ संदेश लिखा गया है कि यह इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के कनावनी से वसुंधरा के बीच होने का दावा किया गया है। इससे अपने साथ साथ दूसरों की जान भी खतरे में डाली है। बड़ा सवाल यह है कि दो पुलिस चौकियों के बीच से कार निकल गई। कहीं पुलिस नहीं मिली। वीडियो को उत्तर प्रदेश पुलिस, उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन को टैग किया है।

ुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन के एक्स अकाउंट से इंदिरापुरम कोतवाली प्रभारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। वहीं पुलिस जांच में आया है कि कार पर लखनऊ का नंबर है। नंबर के आधार पर संपर्क किया आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# अखिलेश और मायावती के आने से गरम होगा राजनीतिक पारा

## शाह ने जनसभा कर चल दी अपनी राजनीतिक चाल

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विरोधी दलों पर प्रहार कर अपनी राजनीतिक चाल चल दी है। इसका असर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर पड़ेगा। अब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती के आने पर राजनीतिक पारा और गरम होगा।



बुद्धि विहार स्थित मंच से केंद्रीय गृह मंत्री ने मतदाताओं को लामबंद करने के लिए विपक्षी दलों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश मोदीमय हो गया है। सपा-कांग्रेस के लिए दूर-दूर तक संभावना नहीं है। विपक्षी कहते हैं कि वह ट्रिपल तलाक और 370 फिर से लाएंगे। वे (सपा-कांग्रेस) उत्तर प्रदेश को फिर से जातियों में बांटेंगे। नरेंद्र मोदी अकेले ऐसे नेता हैं जो देश को एक रख सकते हैं। मोदी ने देश को सिर्फ चार वर्गों में बांटा है महिला, युवा, किसान और गरीब। इनका विकास करने से देश आगे बढ़ेगा। आरोप लगाया कि विपक्षी दल राम मंदिर निर्माण के विरोधी रहे हैं। वह प्राण प्रतिष्ठा में बुलाने पर भी नहीं गए। केंद्रीय गृहमंत्री के प्रहार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा गरम हो रहा है। अब शहर के जीजीआईसी मैदान पर 14 अप्रैल को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आएंगे। इसके बाद 15 अप्रैल को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती रामलीला मैदान में पार्टी की रैली को संबोधित करेंगी। दोनों पूर्व मुख्यमंत्री अपने-अपने ढंग से भाजपा के राजनीतिक प्रहार का जवाब देंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दोनों दलों का भरपूर जनाधार मौजूद है।

**सप्ताह में दूसरी बार मुरादाबाद आए शाह**

केंद्रीय गृहमंत्री एक सप्ताह में दूसरी बार मुरादाबाद आए हैं। समझा जाता है कि भाजपा के लिए मुरादाबाद कितना महत्वपूर्ण है। इधर बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा करने के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री भी विपक्षी दलों का तनाव बढ़ाएंगे। वे भी विरोधी दलों पर प्रहार करेंगे।

# अब उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी में बगावत जदयू प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय उतरेंगे बैद्यनाथ

**सुपौल।** सुपौल में लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए से बागी हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व आईआरएस वैद्यनाथ मेहता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। सुपौल के सिमराही नगर पंचायत स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता कर अपनी उम्मीदवारी का एलान किया है। इस दौरान उन्होंने एनडीए और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। वैद्यनाथ मेहता ने कहा कि एनडीए और इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने उनके साथ बड़ी साजिश की है।



**टिकट नहीं मिलने से हैं नाराज**

बैद्यनाथ मेहता ने आरोप लगाते हुए कहा कि सर्वे में सबसे आगे रहने के बाद भी मुझे टिकट नहीं दिया गया, इसलिए जनता और किसान की खुशहाली के लिए 19 अप्रैल को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में वह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि वैद्यनाथ के साथ किसी भी दल की ताकत नहीं है। उनके साथ सुपौल की जनता की ताकत है। हम उनके दिल में बसते हैं और उनका प्यार और समर्थन हमें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले एक साल से सुपौल लोकसभा क्षेत्र में युवा-मजदूर और किसान

की खुशहाली के लिए पलायन रोकने के मुद्दे पर संघर्ष किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव के पद पर कार्यरत थे। हमने सोचा था कि सीट बंटवारे में सुपौल लोकसभा क्षेत्र से मुझे टिकट मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एनडीए ने चुनाव को लेकर लोकसभा क्षेत्र में सर्वे करवाया था। उसमें 69 प्रतिशत समर्थन मुझे मिला था, जबकि अन्य को 31 प्रतिशत लोगों का ही समर्थन मिला।

**19 अप्रैल को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भरेंगे नामांकन का पर्चा**

बैद्यनाथ मेहता ने कहा कि वह 19 अप्रैल को सुपौल संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पर्चा भरेंगे। इसके साथ ही शहर के गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा। बीते साल राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने जदयू से अलग होकर राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का गठन किया था। तब वैद्यनाथ मेहता ने आईआरएस से वीआरएस लेकर पार्टी की सदस्यता ली थी। उपेंद्र कुशवाहा ने तब उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया था। हालांकि बाद में पार्टी का नाम बदल कर राष्ट्रीय लोक मोर्चा हो गया। एनडीए में सीट बंटवारे की घोषणा के साथ ही वैद्यनाथ मेहता ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी थी।

## न्यूज डायरी

### उद्धव ठाकरे ने देश में गठबंधन सरकार बनाने का किया आह्वान, कहा- अतीत में उन्होंने अच्छा काम किया



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा, बीआरएस और वीबीए नेता बड़ी संख्या में शिवसेना (यूबीटी) में शामिल हो गए हैं। मुंबई स्थित मातोश्री में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने जलगांव जिले के नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि निरंकुशता देश के लिए हानिकारक है। केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने का आह्वान करते हुए ठाकरे ने कहा कि देश में पहले भी गठबंधन सरकारें रहीं हैं और उन्होंने अच्छा काम किया है।

**मजबूत देश और गठबंधन सरकार की दरकार**

मातोश्री में उन्होंने कहा कि पहली बार पिछले 10 सालों में देश में इतने बड़े पैमाने पर असंतोष देखने को मिला है। देश को एक मजबूत नेता की आवश्यकता है, जो सभी को साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि निरंकुशता देश के लिए हानिकारक है। एक समय था, जब महसूस किया गया कि देश में गठबंधन सरकारों की आवश्यता नहीं है लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी बाजपेयी और मनमोहन सिंह ने अच्छी गठबंधन सरकार चलाकर दिखाई। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो गठबंधन सरकारों ने देश में अच्छा काम किया है। हम एक मजबूत देश और गठबंधन सरकार चाहते हैं। हम मजबूत नेता चाहते हैं, जो सभी को साथ लेकर चल सके। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल गठबंधन सरकार देश में एक बार फिर दे सकते हैं। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) पार्टियां जल्द ही राज्य में संयुक्त रैलियां आयोजित करेगी।

**शिंदे गुट वाली शिवसेना में खींचतान**

वहीं, एकनाथ शिंदे गुट ने महायुति गठबंधन में सीट बटवारे के कारण अपने मौजूदा सांसद भावना गवली (यवतमाल वाशिम), हेमंत पाटिल (हिंगोली) और कृपाल तुमाने (रामटेक) को हटा दिया है, जिससे शिवसेना नेता परेशान हैं। वहीं, आशंका है कि पार्टी मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से संसद पहुंचे गजानन कीर्तिकर का भी टिकट काट सकती है। महाराष्ट्र की सात सीटों- रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, मुंबई दक्षिण, औरंगाबाद, नासिक, पालघर, ठाणे और सतारा के लिए एनडीए ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। बता दें, अविभाजित शिवसेना ने पिछली बार छह सीटें जीतीं थीं।

### तेजस्वी यादव बोले- हम मुद्दे की बात करने आए हैं, मोदी जी की नहीं; सीएम नीतीश पर कसा तंज

**बाराचट्टी।** बिहार की गया लोकसभा क्षेत्र के बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को राजद नेता तेजस्वी यादव ने हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा की। इससे पहले बाराचट्टी में ही सीएम नीतीश कुमार ने भी चुनावी सभा की थी। तेजस्वी यादव ने अपनी सभा में पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम मुद्दे की बात करने आए हैं, मोदी जी की नहीं। मुद्दा क्या है रे भाई, सबसे बड़ा दुश्मन क्या है। बेरोजगारी है कि नहीं है। राजद नेता ने सभा में बेरोजगारी का जिक्र करते हुए पूछा कि कितना नौजवान बेरोजगार है। कितने लोगों का ब्याह नहीं हो पाया है। ये बताओ कितने लोगों के पास डिग्री होते हुए भी नौकरी नहीं है। ये बताओ बेरोजगारी हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि माता-पिता पेट काटकर के मजदूरी करके दिन-रात खेत में कड़ी धूप में काम करते हैं। ताकि बाल-बच्चे पढ़ लें, डिग्री ले ले और नौकरी मिल जाए। बुढ़ापे में बच्चा जो है सहारा बने। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस पर बीजेपी के लोग, मोदी जी के लोग बात नहीं करते हैं।



पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरा मानना है कि असली दुश्मन बेरोजगारी के साथ, गरीबी है। गरीबी के साथ-साथ महंगाई है। असली मुद्दा होना चाहिए शिक्षा, चिकित्सा, पढ़ाई, दवाई और सिंचाई। उन्होंने कहा कि सुनवाई और कार्रवाई वाली सरकार आए, ताकि आपका दु:ख-दर्द जो है उसको देखने का काम करे। आपके गांव का विकास करे, आगे ले जाए।बीजेपी पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा, लेकिन ये लोग विकास की बात नहीं करते हैं। 10 साल से नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री हैं तो 17 साल से बिहार में डबल इंजन की सरकार है। केवल 17 महीना छोड़ दें तो लगातार गया संसदीय क्षेत्र से एनडीए के ही एमपी जीतते आए हैं। लेकिन आप लोग बताइए कि बाराचट्टी से भी विधायक एनडीए से हैं। लेकिन आपके गांव में इन लोगों ने क्या किया। क्यों नहीं बेरोजगारी हटाई, क्यों नहीं आपके जिला प्रखंड कार्यालय में कारखाना लगाया, क्यों नहीं महंगाई कम की, क्यों नहीं शिक्षा और चिकित्सा को बेहतर किया। एक काम नहीं किया है।तेजस्वी ने कहा कि आज आप लोगों के लिए खुश-खबरी लाए हैं। आज हम लोग परिवर्तन पत्र लाए हैं। 2024 के चुनाव में 24 जन वचन लाए हैं। आज हम लोगों ने प्राण लिया है कि अगर इंडिया अलायंस की आप सरकार बनाते हैं तो पूरे देश में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी हम लोग देने का काम करेंगे। जितने गरीब परिवार हैं उनको प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का काम करेंगे, बिहार को विशेष राज्य का दर्ज देंगे, एक संसदीय क्षेत्र में चार हजार करोड़ रुपये देने का काम करेंगे, दो सौ यूनिट फ्री बिजली, पांच-पांच हवाई अड्डा देने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी खाली झूठ पर झूठ बोल देंगे। ऐसा झूठा बोलेंगे कि गोबर को भी हलुआ बनाकर के परोस देंगे, ये है मोदी जी का झूठ। आंख फोड़ देंगे फिर चश्मा दे देंगे और बोलेंगे कि देखो हमने जो है चश्मा देने का काम किया। इसी दौरान तेजस्वी यादव ने मंच से मोदी जी के लिए एक गाना गाया कि ह्यतुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो। रोज-रोज मोदी जी तुम ऐसा करोगे, रोज-रोज मोदी जी तुम झूठ बोलोगे। जनता जो रूठ गई तो हाथ मलोगे, अरे तुम तो धोखेबाज हो वादा करके भूल जाते होवहीं, राजद नेता ने सीएम नीतीश कुमार को घेरते हुए कहा कि मोदी जी ने तो हमारे चाचा जी के डीएनए को भी गली दी। जब डीएनए की गाली दी गई तो हमारे चाचा नीतीश जी नाखून और बाल कटवा-कटवा कर भेजते थे दिल्ली कि चेक करवा लीजिए डीएनए बिहारी का ठीक है कि नहीं। लेकिन वही नीतीश जी क्या हो गया रे भाई, पैर छू रहे हैं नीतीश जी मोदी जी के नवादा। देखा नहीं गया हमसे बुजुर्ग आदमी हैं, खैर कोई बात नहीं।

# यहां डोल रहे भाजपा के पांव: मथुरा में राधे-राधे, एटा में कल्याण का वास्ता; शिवपाल के रहते मैनपुरी हिला पाएंगे?

**आगरा।** लोकसभा चुनाव में जातीय आंकड़ों के सहारे भाजपा जीत के समीकरण साध रही है। ब्रज की चार सीटें बचाने की भाजपा के सामने इस बार चुनौती है। वहीं सपा के मजबूत गढ़ मैनपुरी का किला ढहाने का बड़ा लक्ष्य भी है। भाजपा ने मैनपुरी से यहां के विधायक और प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह पर दांव लगाया है। जबकि फिरोजाबाद से अभी उम्मीदवार तय नहीं किया है। आगरा की सीट पिछले तीन चुनाव से भाजपा के पास है। दो बार डॉ. रामशंकर कठेरिया उसके बाद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल यहां से सांसद चुने गए। इस बार फिर से भाजपा ने एसपी सिंह बघेल पर ही दांव लगाया है। हालांकि एसपी सिंह बघेल का आगरा संसदीय क्षेत्र में कुछ क्षेत्रों में विरोध भी इस बार दिख रहा है, लेकिन इस विरोध को मैनेज करने में भाजपा और संघ जुटे हुए हैं। भाजपा के परंपरागत वैश्य समाज के वोट के साथ पिछड़े और ब्राह्मण वोटों पर भाजपा की नजर है। अनुसूचित जाति में दीगर जातियों के वोटों को भी भाजपा साध रही है। वोटों के इन्हीं समीकरण और विकास का वास्ता देकर भाजपा ने आगरा को फिर से जीतने की तैयारी की है। मथुरा में राधे-राधे, एटा में कल्याण का वास्ता



राधे-राधे गुनगुनाते हुए मथुरा सीट पर फिर से हेमा मालिनी चुनाव लड़ रही है। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भी भाजपा के साथ है। इसलिए भाजपा मथुरा में इस बार जीत आसान मान रही है। एटा से राजवीर सिंह फिर चुनावी मैदान में है कल्याण सिंह का नाम यहां आज भी सम्मान के साथ लिया जाता है। पिछड़ी जातियों के वोट पर दांव के साथ भाजपा यहां वैश्य, जैन, क्षत्रिय और ब्राह्मण समाज के वोटों को प्लस मानते हुए जीत की रचना किए हुए है। फिरोजाबाद में वोट बैंक को बांधे रखने की चुनौती फिरोजाबाद सीट पर भी भाजपा का ही कब्जा है। सपा का किला ढहाते हुए 2019 के चुनाव में डॉक्टर चंद्रसेन जादौन यहां से सांसद चुने गए थे। भाजपा ने अभी यहां से प्रत्याशी तय नहीं किया है। समाजवादी पार्टी का किला ढहाने की बड़ी चुनौती इस बार भाजपा के सामने इसलिए है क्योंकि 2019 में समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव की बगावत ने भाजपा की राह को आसान कर दिया था। शिवपाल सिंह यादव को 91000 से अधिक वोट मिले थे। ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी आसानी से यहां से सीट निकाल ले गई थी। इस बार समीकरण दूसरे हैं। शिवपाल यादव सपा के साथ है। यादव और मुस्लिम वोटों से इतर अन्य जाति के मतदाताओं की गोलबंदी में भाजपा और संघ बिना प्रत्याशी होते हुए भी अभी से जुटे हुए हैं। टूंडला क्षेत्र में जाट समाज का वोट भी है। क्योंकि लोकदल के साथ भाजपा का गठबंधन है इसलिए जाट समाज के वोट को भी भाजपा इस बार अपने पाले में मानकर चल रही है। गौर करने वाली बात यह है कि बसपा ने यहाँ से सतेंद्र जैन सौली को उम्मीदवार बनाया है। इस कारण भाजपा के सामने वैश्य वोटों को बांधे रखने की भी चुनौती है।

# उप मुख्यमंत्री केशव बोले- अखिलेश यादव को सनातन से नफरत, चुनाव में साफ हो जाएगी सपा

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। विपक्ष जानता है कि वो हार चुका है फिर भी लकीर पीटने जा रहा है।



अमेठी व रायबरेली की सीटों को लेकर उन्होंने कहा कि यहां चाहे दीदी लड़ें या जीजा दोनों की ही हार होगी। बता दें कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुष्टिकरण के युग को खत्म कर दिया है। देश के 80 करोड़ लोगों को बिना किसी भेदभाव के राशन दिया जा रहा है। मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी की भी गारंटी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमलावर होते हुए केशव ने कहा कि उनको सनातन से नफरत है। लोकसभा चुनाव में सपा यूपी में पूरी तरह साफ हो जाएगी। सभी को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अपना भविष्य दिख रहा है। भाजपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। अखिलेश यादव के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। उनका भ्रष्टाचार और अपराधियों से नाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अकेले 370 से अधिक सीटें प्राप्त होंगी और गठबंधन 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। लोकसभा चुनाव के लिए हम 2022 से ही तैयारी कर रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश के 80 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है।

# बाढ़ में भी नहीं डूबेंगे मणिकर्णिका व हरिशचंद्र घाट के शवदाह स्थल

**वाराणसी।** गंगा में बाढ़ आने पर भी घाट किनारे शवदाह की प्रक्रिया बाधित नहीं होगी। मोक्ष तीर्थ मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट का विकास कार्य शुरू करा दिया गया है। हाई फ्लड लेवल को ध्यान में रखकर कार्य कराए जा रहे हैं। काशी में वर्ष 1978 के दौरान सबसे बड़ी बाढ़ आई थी। तब गंगा का जलस्तर 73.90 मीटर पहुंच गया था। इसे बाढ़ का उच्चतम बिंदु माना गया। 2013 में 72.63 मीटर और 2016 में 72.56 मीटर तक जलस्तर पहुंचा था।

इस दौरान मोक्ष तीर्थ पर शवों के दाह संस्कार की प्रक्रिया बाधित हुई थी। इसे ध्यान में रखते हुए ही शवदाह स्थलों का कायाकल्प कराया जा रहा है। घाट की ऊंचाई 73.90 मीटर की जा रही है। दुनिया का एकमात्र ऐसा श्मशान घाट है, जहां 24 घंटे चिताएं जलती हैं। चुनार और जयपुर के गुलाबी पत्थरों से संवरने वाले महाश्मशान क्षेत्र में आने वाले शवयात्रियों को हर प्रकार की सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन की देखरेख में घाटों का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। नाव के जरिये बड़ी मशीनें पहुंचाई गई हैं। मणिकर्णिका घाट के आसपास के हेरिटेज स्थलों को भी नया लुक दिया जाएगा। इसमें चक्र पुष्करिणी, रत्नेश्वर महादेव मंदिर, तारकेश्वर मंदिर और दत्तात्रेय पादुका का भी जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। घाट पर सीढ़ियों और सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। भूतल पर पंजीकरण कक्ष, नीचे के खुले में दाह संस्कार के 19 बर्थ, लकड़ी भंडारण क्षेत्र, सामुदायिक प्रतीक्षा कक्ष, दो सामुदायिक शौचालय, अपशिष्ट ट्रालियों के स्थापन और मुंडन क्षेत्र होंगे। मणिकर्णिका घाट : खर्च होंगे 18 करोड़ मणिकर्णिका घाट के विकास कार्य पर 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भूतल का कुल क्षेत्रफल 29,350 वर्ग फीट है। दाह संस्कार का क्षेत्रफल 12,250 वर्गफीट तय किया गया है।

# सरकार में आए तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे अग्निपथ योजना भी हटाएंगे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाती है तो किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। दरअसल, राहुल शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा जिले के साकोली में एक रैली को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है लेकिन मीडिया ने सबसे बड़े मुद्दों को ही नजरअंदाज कर दिया है।



**अग्निपथ योजना को भी हटाएंगे: कांग्रेस**

रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो हम सबसे पहले जाति जनगणना करवाएंगे। जाति जनगणना देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्र की एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हम सत्ता में आएंगे तो किसानों के कर्ज को माफ कर देंगे। देश में हजार रुपये कमाने वाला और करोड़ों रुपये कमाने वाला एक समान जीएसटी का भुगतान कर रहा है। जनता महंगाई से परेशान है। जनता बेरोजगारी से परेशान है। हमारी सरकार अग्निपथ योजना को भी हटाएगी क्योंकि खुद सेना इसका समर्थन नहीं कर रही है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी की आलोचना**

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि पीएम खुद को ओबीसी बताते हैं लेकिन उन्हें बताना होगा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए क्या किया है। राहुल का दावा है कि केंद्र सरकार सिर्फ कुछ उद्योगपतियों के लिए ही काम कर रही है। आम लोगों को इस सरकार में कुछ नहीं मिल रहा है। गांधी का आरोप है कि देश के सिर्फ 22 लोगों के पास ही देश की 50 फीसदी आबादी के बराबर संपत्ति है। पीएम मोदी सिर्फ धर्म की बात करते हैं। वे जातियों और समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी के 10 साल के शासन के दौरान गौतम अडानी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयरों की कीमतें आसमान छू गई हैं। उनके पास हवाई अड्डों से लेकर बंदरगाहों, सड़कों, पुलों, खदानों और बिजली संयंत्रों तक हर क्षेत्र में हिस्सेदारी है। कोविड-19 के दौरान लोग चिकित्सा सहायता मांग रहे थे तो पीएम थालियां बजाने और फ्लैश लाइट जलाने के लिए कह रहे थे।

# बहेड़ी में गरजे सीएम योगी, कहा- अब दंगाई जानते हैं दंगा करेंगे तो उल्टा टंगवा दिए जाएंगे

**बरेली।** पीलीभीत संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने भारत माता के जयकारे से अपना संबोधन शुरू किया। मां दुर्गा और काली माता के जयकारे लगवाए। उन्होंने कहा कि आज हम सब नए भारत के दर्शन कर रहे हैं। नया भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना जानता है तो 140 करोड़ लोगों को सुरक्षित करना जानता है। नए भारत में विरासत के साथ विकास को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। विकास भी है तो विरासत और आस्था का सम्मान भी है। गन्ना किसानों को साधा उन्होंने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिल चल रही हैं। 105 चीनी मिल एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं। 15 चीनी मिलों का भुगतान लेट है। ढाई लाख करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान किसानों के खातों में किया है। सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग इतना भुगतान नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जो चीनी मिलें गन्ना भुगतान समय पर नहीं करेंगी हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। अन्नदाता किसान ही उन चीनी मिलों को संचालित करेंगे। एक-एक पाई का हिसाब का लेंगे। हम समस्या नहीं देते, हम समाधान पर विश्वासन करते हैं।



योगी ने कहा कि बरेली में पहले तो हर महीने दंगा होता है। आज दंगाई जान की भीख मांगते फिरते हैं। अब यह नहीं हो पाया कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी में जाकर जबरदस्ती फतवे जारी करके अव्यवस्था पैदा करेंगे। अब यह कतई स्वीकार नहीं है। कहा कि माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं। मुख्यमंत्री से पहले भाजपा प्रत्याशी ने सभा को संबोधित करते हुए सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में कोई भी माफिया और भूमाफिया स्वीकार नहीं किया जाएगा। बरेली के सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि वह जनता के प्यार और आशीर्वाद से 40 साल से यहां नेतागीरी करता आ रहे हैं। उन्होंने जितिन प्रसाद के लिए जनता से समर्थन की अपील की।

**पिछली सरकारें कर्फ्यू लगवाती थीं- योगी**

योगी ने कहा कि एक तरफ पिछली सरकारें कर्फ्यू लगवाती थीं। दंगा पॉलिसी के लिए कुख्यात थीं। दूसरी तरफ यूपी में पिछले सात साल से कोई दंगा नहीं हुआ। दंगा करने वाले जानते हैं कि अब दंगा करेंगे तो उल्टा टंगवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाला यह भी जानता है कि वह जेल बाद में जाएगा, पहले जहन्नुम के रास्ते उसके लिए तैयार हैं। सुरक्षा का बेहतर इंतजाम है। नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा।

**आतंकवाद-नक्सलवाद समस्या का हुआ समाधान**

उन्होंने कहा कि देश में आतंकवाद की समस्या का समाधान धारा 370 समाप्त होने के साथ ही हो गया है। आज भारत का कोई भी नागरिक जम्मू-कश्मीर में जाकर जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे वंचित किया था। उन्होंने कहा कि देश के अंदर नक्सलवाद समस्या का समाधान हुआ है। सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज हाईवे बन रहे हैं। रेलवे की बड़ी परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। आईआईटी-आईआईएम बन रहे हैं। मेगा फूड पार्क का काम बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब एक जैसी सरकारें होती हैं। अच्छे लोग चुनकर जाते हैं तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी भूमाफिया सार्वजनिक जमीनों पर कब्जा करेगा। चाहे वह रामलला की भूमि हो या किसी गरीब या व्यापारी की भूमि हो। उसको लेने के देन पड़ेंगे। अगर किसी ने भूमाफिया बनकर गरीब या सार्वजनिक की जमीन पर कब्जा किया है तो ब्याज सहित उसकी वसूली होगी। फिर उनकी संपत्ति पर गरीबों के लिए आवास बनाएंगे, जैसा प्रयागराज में किया था।

बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# लूट में माहिर मेंटल को शालीमार गार्डन पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोचा

## कुंडल लूट के बाद पुलिस की रडार पर था आरोपी

### डीसीपी ट्रांस हिंडन की क्राइम कंट्रोल प्लानिंग का दिखा असर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शालीमार गार्डन पुलिस ने लगभग डेढ़ दर्जन लूट के मुकदमों को अंजाम देने वाले शातिर लुटेरे फैजल उर्फ मेंटल निवासी शहीद नगर साहिबाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मेंटल को मुठभेड़ के बाद दबोचा है।

उसके पास से पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल, 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने चेकिंग में यह सफलता हासिल की है। पुलिस की माने तो आरोपी फैसल उर्फ मेंटल पर लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।



### ट्रांस हिंडन पुलिस लगातार अपराधियों पर चला रही है गोली

**करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन पुलिस लगातार लूटपाट करने वाले बदमाशों को एनकाउंटर के बाद दबोच रही है। बीते दिनों शालीमार गार्डन पुलिस ने यह सफलता हासिल की थी, तो साहिबाबाद पुलिस लिंक रोड पुलिस भी इसी तरीके से लूटपाट करने वाले बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का काम किया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रत्येक सर्किल में अभियान चलाया जा रहा है और इसी के तहत फैसल उर्फ मेंटल के मामले में शालीमार गार्डन थाना पुलिस को सफलता मिली है।

### ढाई साल तक दिल्ली जेल में बंद था मेंटल

**करंट क्राइम :** एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि फैजल उर्फ मेंटल की उम्र लगभग 24 साल है और यह शातिर लुटेरा है। इसी साल जनवरी के माह में यह ढाई साल बाद जेल से छूटकर आया था। आरोपी शालीमार गार्डन, दिल्ली और बॉर्डर इलाकों में लूटपाट किया करता था। 4 अप्रैल को इसने एक महिला की कुंडल लूटे थे, जिसके बाद महिला के कान फट गए थे। वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली थी जिसके आधार पर इसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी मेंटल को मुठभेड़ के बाद के दबोचा है जबकि इसका एक साथी फरार हो गया है।

## बीएसपी उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर ने किया बाबा साहेब आंबेडकर को नमन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीएसपी लोकसभा उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर शनिवार को नवयुग मार्किट स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती पार्क में पहुंचे। यहां समिति द्वारा 3 दिवसीय मेले का उद्घाटन किया गया। बीएसपी उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर ने बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर ने देश को सामाजिक न्याय का संदेश दिया। सामाजिक न्याय की अवधारणा पर ही आज देश की राजनीति चलती है। बाबा साहब ने देश को संविधान दिया जिस पर पूरा देश चलता है। इस अवसर पर बीएसपी उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर को समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# यूथ से वोट कराने के लिए यूथ स्टाफ भी रहेगा पोलिंग बूथ पर मौजूद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने और युवाओं से लेकर दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं में उत्साह पैदा करने के लिए जिला प्रशासन स्वीप अभियान के तहत तरह-तरह आयोजन कर रहा है। कभी खुद जिला अधिकारी वॉल पेंटिंग और फोटोग्राफी का संदेश देते हैं, तो कभी प्रशासन द्वारा सरकारी स्कूल और निजी डिग्री कॉलेज में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदान के दिन पहले मतदान फिर जलपान जैसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। दरअसल जानकारी यह है कि यूथ वोटर को पोलिंग बूथ तक लाने और उनको इस ओर आकर्षित करने के लिए इस बार प्रशासन और चुनाव आयोग के निर्देश पर यूथ बूथ पर जो अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी उसमें भी आयु सीमा का ध्यान रखा जाएगा। यहां जितने भी कर्मचारी लगाए जाएंगे वह यूथ ही होंगे और उनकी अधिकतम आयु 40 वर्ष से कम रहेगी। इसका ड्यूटी लगाते हुए ध्यान रखा जाएगा।



### सेल्फी से सोशल मीडिया पर देंगे यह अन्य को संदेश



**करंट क्राइम :** यूथ वोटर सोशल मीडिया पर संदेश देंगे इसीलिए मतदान वाले दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक यूथ बूथ भी बनाया जाएगा। जहां युवा मतदान करने जाएंगे तो वह वोटिंग करने के बाद स्याही का निशान दिखाते हुए सेल्फी लेंगे और इस सेल्फी को चुनाव आयोग को टैग करते हुए युवाओं को अपनी फोटो सोशल मीडिया पर अपडेट करनी है ताकि अन्य युवा भी मतदान को लेकर जागरूक हों और मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी और स्वीप अभियान के प्रभारी अभिनव गोपाल का कहना है कि यूथ वोटर्स के जरिये मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में इस बार महत्वपूर्ण भागीदारी रहेगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है।




### 25,748 युवा पहली बार करेंगे लोकसभा में मतदान

**करंट क्राइम :** बीते दिनों गाजियाबाद प्रशासन की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर जो मतदाताओं का डेटा प्रस्तुत किया गया था उसमें जानकारी दी गई है कि गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 25748 ऐसे युवा मतदाता हैं जो पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। ऐसे युवा मतदाताओं के जोश को बढ़ाने और लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी भागीदारी के लिए प्रशासन का स्वीप अभियान लगातार काम कर रहा है। खास बात यह है कि यूथ वोटर्स में रुझान के लिए यूथ बूथ पर यूथ अधिकारियों की भी तैनाती दी जाएगी।

# इंदिरापुरम के मकनपुर में आग ने मचाई तबाही मिनटों में राख हो गईं दर्जनों झुग्गियां

दमकल की दस गाड़ियों ने पाया भीषण आग पर काबू



गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर की टीमों ने बुझाई थी आग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के मकनपुर गांव के निकट बसी झुग्गियों में शनिवार को भीषण आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। आग लगने के चलते झुग्गियों में रखे सिलेंडर और पेट्रोमैक्स भी फट गए, जिनकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आग लगने के बाद यहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग इतनी भीषण लगी थी कि गौतमबुद्धनगर से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ी है। गाजियाबाद में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया की वैशाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि थाना इंदिरापुरम के मकनपुर में बनी झुग्गियों में आग लग गई है।

### मिनटों में जल गईं दर्जनों झुग्गियां

**करंट क्राइम :** मकनपुर गांव में तकरीबन 100 झुग्गियां हैं। जिनमें से 25 से 30 से झुग्गियां जलकर राख हो गई। साथ ही झुग्गियों में रखे सिलेंडर और पेट्रोमैक्स भी फटने की जानकारी मिली है। हालांकि गनीमत यह रही है कि किसी तरह की जन हानि नहीं हुई है। आग को पूर्ण रूप से रेस्क्यू कर लिया गया था। आग इतनी भीषण थी कि 10 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगीं। इस दौरान आग बुझाने के लिए गौतमबुद्धनगर से भी दमकल की गाड़ी बुलाई गईं।

**दो तरफ से हौज लाइन फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई जिसमें काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।**

### गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन से आग पर काबू पाने आईं पांच गाड़ियां

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम के गांव मकनपुर में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए दमकल गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन से पांच गाड़ियां भेजी गई, तो साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो और कोतवाली फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मंगवाई गई थी। दो तरफ से हौज लाइन फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई जिसमें काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। वहीं बची हुई झुग्गियों मे रखे सिलेंडर बाहर भी निकाले गए थे।

# ब्राह्मण सम्मेलन में झोली फैलाकर डॉली शर्मा ने मांगा समर्थन और साथ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन ब्राह्मण समाज की समस्त संस्थाओं और ब्राह्मण वर्ग की ओर से आयोजित किया जाना है। इसको लेकर शनिवार को ग्रैंड पेटल बैंक्विट हॉल पटेल नगर में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा भी पहुंची। डॉली शर्मा ने यहां ब्राह्मण समाज के अलग-अलग संगठनों से झोली फैलाकर उनके पक्ष में वोट करने के लिए अपील की और साथ ही याद दिलाया कि जिस तरीके से भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ब्राह्मण समाज के लोगों को आगे बढ़ाने और अपने साथ रखने का काम करती थीं, ऐसा ही प्रयास वह करेंगी। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह उनकी बहन, बेटी और परिवार की सदस्य हैं। इसीलिए जिस प्रकार से पार्टी में प्रियंका गांधी, राहुल गांधी ने उनपर भरोसा जताया है स्थानीय ब्राह्मण समाज भी उन पर भरोसा जताने का काम करें।

## कहा-जैसे इंदिरा गांधी करती थीं ब्राह्मणों को आगे, वैसे ही में निभाऊंगी वादा

## मंच पर संयुक्त रूप से ब्राह्मण समाज ने दिया डॉली शर्मा को आशीर्वाद

### ब्राह्मण समाज की एकजुटता से खिला डॉली शर्मा का चेहरा





**करंट क्राइम :** ब्राह्मण समाज की कई संस्थानों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कई प्रमुख चेहरे और संगठन भी शामिल हुए। सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण चेहरे के रूप में सामने आई डॉली शर्मा को समर्थन देने के लिए एक राय बनाई। साथ ही सब एक मंच पर आए, जिससे डॉली शर्मा भी खुश नजर आई। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव पंडित हरिओम शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित लालचंद शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरविंद शर्मा। वही ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा और मंत्री मनोज शर्मा के साथ ही सर्व भारतीय ब्राह्मण सभा पंडित राजेश शर्मा और पंडित विजय कुमार शर्मा के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण एकता दल पंडित सत्यम के साथ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित प्रमोद हितैषी ने लिखित में उनको समर्थन की घोषणा की है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं मुख्य संरक्षक महानगर एवं जनपद गाजियाबाद जेके गौड ने भी डॉली शर्मा को आशीर्वाद देने के साथ ही ब्राह्मण समाज का धन्यवाद किया कि सब एक मंच पर आए और समर्थन दिया।







### 10 मई को होगा ब्राह्मण समाज का बड़ा आयोजन



**करंट क्राइम :** इस दौरान ब्राह्मण समाज ने फैसला लिया है कि वह अपने संगठन और स्थानीय कार्यक्रम तो आयोजित करेगा ही लेकिन 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसका आयोजन घंटाघर रामलीला मैदान में किया जा सकता है। इस दौरान ब्राह्मण समाज के प्रमुख चेहरों ने लोगों से अपील की है कि परशुराम जन्मोत्सव पर सभी ब्राह्मण अपने घरों में दीपक जलाएं और भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करने के साथ प्रसाद वितरित करें। सम्मेलन में पंडित पीताम्बर शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा,पंडित लाल चंद शर्मा, पंडित अरविन्द शर्मा, पंडित मनोज शर्मा, मंत्री, पंडित अंकित शर्मा, पंडित राजेश शर्मा, पंडित आदेश शर्मा, पंडित विजय कुमार शर्मा, पंडित प्रमोद हितैषी,सत्यम पंडित, बैठक में मौजूद रहे। वहीं, पंडित जेके गौड़, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इस कार्यक्रम के संयोजक रहे। बैठक में नरेंद्र भारद्वाज, मनोज, पंकज, पूर्व अध्यक्ष, गाजियाबाद महानगर कांग्रेस और मनोज भारद्वाज, मुख्य कार्यक्रम प्रबंधक भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# गरीबी की परिभाषा तक पता नहीं इन्हें!

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने गरीबी मिटाओ का एक फॉमूर्ला दिया है। उनके मुताबिक, यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, तो प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में एक लाख रुपए सालाना जमा कराए जाएंगे। वह गरीब परिवार किसान, मजदूर या किसी का भी हो सकता है, उस परिवार की महिला को 8500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। यह आर्थिक मदद तब तक जारी रहेगी, जब तक वह परिवार गरीबी-रेखा से बाहर नहीं आ जाता। क्या कांग्रेस ने ऐसी योजना के अर्थशास्त्र का अध्ययन किया है? सबसे अहम सवाल तो गरीबों की संख्या का है। दरअसल ऐसे गरीबों की देश में कितनी संख्या है, यह न तो कांग्रेस को पता है और न ही सरकार यह डाटा साझा करना चाहती है। गरीबी-रेखा की परिभाषा तक निश्चित नहीं है। देश में गरीबी की स्थिति क्या है, उसे लेकर भी विरोधाभास हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर आर्थिक असमानता के यथार्थ को दोहराया है। देश के 22 सबसे अमीर भारतीयों के पास इतना धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। राहुल गांधी के अनुसार, मोदी सरकार ने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। यह देश के महज 25-30 धन्नासेठों की इतनी राशि है, जितनी 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को दी सकती थी। राहुल यह चुनाव देश के गरीबों और 22-25 अरबपतियों के बीच की लड़ाई मानते हैं। यह वामपंथी सोच का विश्लेषण है। यदि अरबपतियों के पास बेइंतहा आर्थिक संसाधन हैं, तो उनकी कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार भी देती हैं और करोड़ों रुपए के कर भी अदा करती हैं। बहरहाल राहुल गांधी का दावा है कि कांग्रेस देश से खटाखट गरीबी को मिटा देना चाहती है। हमारी जो गारंटी है, उसके जरिए हम एक ही झटके में गरीबी समाप्त कर देना चाहते हैं। राहुल गांधी की दादी एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी 1971 में ह्यगरीबी हटाओ का नारा दिया था और प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीता था। उसके बाद की कांग्रेस सरकारों में भी गरीबी एक बुनियादी एजेंडा रहा, लेकिन एक समय आया था, जब योजना आयोग (अब नीति आयोग) भी मानता था कि करीब 30 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं। समितियां बनाई गईं, फॉमूर्ले तय किए गए, लेकिन सही डाटा देश के सामने पेश नहीं किया जा सका। चूंकि अब प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक मंचों पर बार-बार दोहरा रहे हैं कि उनकी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को ह्यगरीबी से बाहर निकाला है। यानी प्रधानमंत्री भी स्वीकार करते हैं कि देश में 25 करोड़ गरीब रहे हैं, जिन्हें उस रेखा से उबारा गया है। प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान ही देश के सामने है, अलबत्ता कोई बिंदुवार और क्षेत्रवार आंकड़े देश के सामने नहीं रखे गए हैं। इसी दौर में आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले ने एक आर्थिक आकलन सार्वजनिक किया था। उसके मुताबिक, देश में 23 करोड़ से अधिक भारतीय ऐसे हैं, जो 375 रुपए रोजाना की कमाई करने में भी असमर्थ हैं। वे भी गरीबी-रेखा के नीचे की आबादी हैं। सवाल है कि देश में कितने लोग गरीब हैं, जिन्हें आर्थिक मदद देकर उबारने की जरूरत है? प्रधानमंत्री मोदी देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज बांट रहे हैं। जिन्हें हर माह 5 किलो अनाज की दरकार है और अभी यह योजना 5 और साल चलेगी, तो ऐसे लोग गरीब नहीं हैं, तो उन्हें किस वर्ग में रखा जाएगा? मुफ्तखोरी की कई योजनाएं हैं और नकदी भी बांटी जा रही है। ऐसा लगता है मानो 90 फीसदी भारत गरीब है। सिर्फ धन्नासेठ और उनके सम्पन्न सलाहकार ही अमीर हैं।

# इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस, सीबीआई ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। चुनावी बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई ने की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के निष्पादन में हुई गड़बड़ियों के मामले में की गई है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी है।




**कंपनी पर कथित तौर पर अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप :** जांच एजेंसी ने बताया हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे और इस मामले में दूसरे नंबर पर रही थी। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के सिलसिले में मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 78 लाख रुपये की रिश्वत दी गई। सीबीआई के अनुसार रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के नाम भी प्राथमिकी में शामिल किए गए हैं।

**कंपनी के बॉन्ड्स को भाजपा, कांग्रेस व बीआरएस समेत कई पार्टियों ने भुनाए :** चुनाव आयोग की ओर से बीते 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार कंपनी के रूप में सामने आया था। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे। आंकड़ों के अनुसार कंपनी की ओर से भाजपा को सबसे अधिक 586 करोड़ रुपये दान किए गए थे। कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया है। कंपनी से टीडीपी को करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले। जेडी-एस, जन सेना पार्टी और जेडी-यू को 5 करोड़ रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक की राशि कंपनी की ओर से दी गई थी।

**जिस मामले में केस दर्ज किया गया वह क्या है यहां समझे :** शनिवार को सार्वजनिक की गई प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने 10 अगस्त, 2023 को एकीकृत इस्पात संयंत्र जगदलपुर में इनटेक वेल और पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के कार्यों से संबंधित 315 करोड़ रुपये की परियोजना में कथित रिश्वत देने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। यह परियोजना मेघा इंजीनियरिंग को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर, 18 मार्च को कथित रिश्वत मामले में एक नियमित मामला दर्ज करने की सिफारिश की गई थी जो 31 मार्च को दायर की गई। सीबीआई ने एनआईएसपी और एनएमडीसी लिमिटेड के आठ अधिकारियों- सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक प्रशांत दास, निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती, डीजीएम पीके भुइयां, डीएम नरेश बाबू, वरिष्ठ प्रबंधक सुब्रो बनर्जी, सेवानिवृत्त सीजीएम (वित्त) एल कृष्ण मोहन, महाप्रबंधक (वित्त) के राजशेखर, प्रबंधक (वित्त) सोमनाथ घोष को नामजद किया है। इन पर कथित तौर पर 73.85 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने प्राथमिकी में मेकॉन लिमिटेड के दो अधिकारियों -एजीएम (अनुबंध) संजीव सहाय और डीजीएम (अनुबंध) के इलावरसू का भी नाम लिया है। इन पर कथित तौर पर 174.41 करोड़ रुपये के भुगतान के बदले 5.01 लाख रुपये लेने का आरोप है। ये भुगतान सुभाष चंद्र संगरा, महाप्रबंधक, एमईआईएल, मेघा इंजीनियरिंग और अन्य अज्ञात लागों को 73 चालान के जरिए किया गया था।

# क्या चांदी के सिक्कों में दिखेंगे रामलला? मुंबई सराफा बाजार में इन्हें लाने की अटकलें

**नई दिल्ली।** मुंबई के बुलियन बाजार से जुड़े कारोबारियों के अनुसार रामलला की तस्वीर अंकित सिक्कों के डिजाइन, वजन और उपलब्धता को लेकर कारोबारियों के बीच सहमति बन गई है और अब इसे जल्द ही बाजार में पेश करने की तैयारी चल रही है। मुंबई सराफा बाजार में रामलला की छवि वाले चांदी के सिक्के जारी किए जाने की अटकलें लग रही हैं। सूत्रों के अनुसार कारोबारी जल्द ही ऐसे सिक्के लाकर इसे ऑफलाइन और ऑनलाइन बेचने की तैयारी कर रहे हैं। मुंबई के बुलियन बाजार से जुड़े कारोबारियों के अनुसार इन सिक्कों के डिजाइन, वजन और उपलब्धता को लेकर कारोबारियों के बीच सहमति बन गई है।

अब इसे जल्द ही बाजार में पेश करने की तैयारी चल रही है। हालांकि, सराफा बाजार के कारोबारियों की ओर से अब तक इस बारे में आधिकारिक तौर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। बता दें कि विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर रामलला की तस्वीर अंकित चांदी के सिक्के पहले से ही बेचे जा रहे हैं। सरकार भी जारी कर चुकी है श्रीराम से जुड़ी तीन स्मारिका सिक्के 22 जनवरी 2024 को अयोध्या



में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सरकार की ओर से भी रामलला से जुड़े तीन स्मारिका सिक्के जारी किए गए थे। फरवरी महीने में सरकार के स्वामित्व वाली सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के 19वें स्थापना दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन्हें जारी किए थे।

इन सिक्कों पर रामलला, राम जन्मभूमि मंदिर और अयोध्या की थीम अंकित थी। इन सिक्कों को 999 ग्राम शुद्ध चांदी से बनाया गया था। कोटा में जारी किए गए थे श्रीराम मंदिर की तस्वीर वाले सिक्के कोटा के श्री सराफा बोर्ड संस्था की ऐप व वेबसाइट कोटा सराफा डॉट इन की ओर से भी जनवरी में शुद्ध चांदी से बने राम मंदिर अंकित सिक्के जारी किए गए थे।

## राशिफल

**मेष:** सफलता निकट होने के बावजूद आपके ऊर्जा स्तर में गिरावट आएगी। सहभागी व्यवसायों और जोड़ तोड़ वाली आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

**वृष:** आज आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज करियर में एक नया बदलाव देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आज आपको अपने बॉस को खुश करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। नए रिश्ते विनाशकारी हो सकते हैं।

**कर्क:** स्वार्थी व्यक्ति से बचने की पूरी कोशिश करें, क्योंकि वह आपको तनाव दे सकता है। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आप किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं।

**कन्या:** आज आपके सभी कष्ट समाप्त होंगे, पारिवारिक जीवन में आपको एक सुनहरा पल मिलेगा। आपके परिवार में खुशियां आएंगी।

**तुला:** आर्थिक सुधार निश्चित है। घर में साफ-सफाई की नितांत आवश्यकता है। हमेशा की तरह इस काम को अगली बार के लिए टालें नहीं और तैयार हो जाएं।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**धनु:** आज आपके काम कम समय में पूरे होंगे। आपको रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। जल्द ही आपको कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर:** केवल एक दिन को ध्यान में रखकर जीने की अपनी आदत पर नियंत्रण रखें और मनोरंजन पर ज्यादा समय और पैसा खर्च न करें।

**कुंभ:** आज आपका ध्यान अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। घर में धार्मिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

**मीन:** आज आपको सेहत को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है, जिस काम को करने की आप काफी समय से सोच रहे थे, उसे शुरू कर दें।

## चुटकुले

महिला- मेरा वेट कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को रोजाना दाएं बाएं हिलाती रहो।
महिला- किस समय?
पति- जब कोई खाने को पूछे!

बेटा बियर पीकर घर लौटा था
मम्मी की डांट से बचने के लिए लैपटॉप खोलकर पढ़ने लगा
मम्मी- बेटा तू फिर से पीकर आ गया।
बेटा- नहीं मम्मी नहीं मैनें नहीं पी है।
मम्मी- तो फिर सूटकेस खोलकर क्या पढ़ रहा है।

लड़की से लड़का बोला
डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है।
पीछे से एक बूढ़ा बोला
हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- किसी भी भारी वस्तु को समुद्र की गहराई में पहुचने में करीब 1 घंटा लगता है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर में 6000 मिलियन, मिलियन, मिलियन हीमोग्लोबिन के अणु होते है।
- मानव शरीर में 60,000 मील लंबी खून की धमनियाँ होती है।
- 5 बिलियन वर्षो के बाद सूर्य की उर्जा समाप्त हो जाएगी और वो एक लाल गोला बन कर रह जाएगा। एक इलेक्ट्रिक बाम मछली 650 वोल्ट तक के शॉक का निर्माण कर सकती है।
- क्रिस्चियन बर्नार्ड ने 1967 में पहला हार्ट ट्रांसप्लांट किया था और वो मरीज 18 दिन तक जिवित रहा था।
- अल्फ्रेड नोबेल ने 1866 में डायनामाइट की खोज की।
- बृहस्पति इतना बड़ा ग्रह हैं की यदि शेष सभी ग्रह को आपस में जोड़ दिया जाये तो वह संयुक्त ग्रह भी बृहस्पति से छोटा ही रहेगा।
- 1992 में लंदन के आकार जितना बड़ा बर्फ का गोला से टूट कर अलग हो गया था।

## जिंदगी

प्रस्तुति करंट क्राइम



**संजीव शर्मा**
**पूर्व पार्षद, गांधीनगर।**

कुछ समझ में आ रही है जिंदगी,
किस तरफ ले जा रही है जिंदगी।

आप चाहें जिस गली में जाइए,
ठोकरें ही खा रही है जिंदगी।

ख्वाहिशों का बोझ इतना हो गया,
रात दिन तड़पा रही है जिंदगी।

आदमी का वक्त दुश्मन हो गया,
इसलिए घबरा रही है जिंदगी।

झूठ की ताकत बढ़ी इस कदर,
सच कहां दिखला रही है जिंदगी।

पांव उठने को कहां तैयार हैं,
होड़ में दौड़ा रही है जिंदगी।

ना जमीं ना आसमां ही साथ है,
गम जदा पछता रही है जिंदगी।

थक गई है या नशे में चूर है,
होश में कब आ रही है जिंदगी।

आंसुओं में दर्द में डूबे हुए,
गीत कैसे गा रही है जिंदगी।



# 200 करोड़ की संपत्ति दान कर संन्यास लेंगे गुजरात के कारोबारी



**नई दिल्ली।** साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। गुजरात के साबरकांठा जिले का एक कारोबारी परिवार सुर्खियों में है। दरअसल हिम्मतनगर के रहने वाले बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेने का फैसला किया है। उनके इस फैसले की खूब चर्चा हो रही है। भावेश भाई को जाननेवालों का मानना है कि भंडारी के परिवार का हमेशा से जैन समाज की ओर झुकाव रहा है। अक्सर इनके परिवार की मुलाकात दीक्षार्थियों और गुरुजनों से होती रहती थी। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े हैं भावेश भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपनी एशो-आराम की जिंदगी त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने और सन्यासी जीवन बिताने का फैसला किया है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# जीत की पटरी पर वापस आने के लिए जोर लगाएंगे राजस्थान-पंजाब



### बेयरस्टो-जितेश की फॉर्म बनी चिंता

पंजाब का अब तक का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उसकी समस्या जॉनी बेयरस्टो और विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा का फॉर्म में नहीं होना है। बेयरस्टो ने पांच मैचों में 81 और जितेश ने पांच मैचों में 77 रन ही बनाए हैं। शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने ही अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। महंगे सैम करन भी गेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके हैं। उन्होंने छह विकेट लिए और 63 रन की एक उपयोगी पारी खेली है। उन्हें भी पंजाब के लिए अपनी भूमिका से न्याय करना होगा। पंजाब को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की भी कमी खल रही है।

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स दो ऐसी टीमें हैं, जिन्हें अपने पिछले मुकाबलों में बेहद नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान को गुजरात टाइटंस के हाथों राशिद खान की बदौलत अंतिम गेंद पर पराजय मिली। यह उनकी पहली हार रही। शनिवार को जब दोनों टीमें आपस में टकराएंगी तो राजस्थान को अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करना होगा। संजू सैमसन की टीम को पांच मैचों में सिर्फ एक हार मिली है और वह शीर्ष पर है, जबकि पंजाब पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ आठवें स्थान पर है। पंजाब पिछले मैच में हैदराबाद से दो रन से हारा था। राजस्थान अपने विजयीक्रम को वापस पटरी पर लाने की पूरी कोशिश करेगा।

### बोल्ट से गेंदबाजी नहीं कराने की हुई रणनीतिक चूक

राजस्थान पिछले मुकाबले में लगातार पांचवीं जीत की ओर बढ़ रहा था। गुजरात को 12 गेंद में 35 रन बनाने थे, लेकिन कुलदीप सेन और आवेश खान इस लक्ष्य को बचा नहीं पाए। राशिद खान और राहुल तेवतिया ने 37 रन बनाकर गुजरात को जीत दिलाई। विशेषज्ञों का कहना है कि सैमसन से यहां रणनीतिक चूक हुई। दो ओवर में आठ रन देने वाले ट्रेंट बोल्ट के दो ओवर बचे रह गए। सैमसन ने अंतिम ओवरों में उनका उपयोग नहीं किया। अनुभव को देखते हुए बोल्ट को अगर यहां आजमाया जाता तो मैच का परिणाम दूसरा भी हो सकता था। यही कारण है कि राजस्थान यहां पंजाब के खिलाफ अपनी रणनीतियों को सही तरह से अंजाम देने की कोशिश करेगा।

### पंजाब के गेंदबाजों को लगाना होगा जोर

बल्लेबाजों की अपेक्षा पंजाब के गेंदबाजों ने कुछ बेहतर किया है। हालांकि पहले गेंदबाजी करते हुए उनके खिलाफ बड़े स्कोर बनाए गए हैं। कगिसो और अर्शदीप सिंह की अगुआई में पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ 199, 199, 182 के स्कोर बने हैं। पंजाब के गेंदबाज राजस्थान के खिलाफ इसे रोकना चाहेंगे। यह आसान नहीं होगा। राजस्थान का पहले बल्लेबाजी करते हुए सबसे छोटा स्कोर 185 रन का है। वहीं राजस्थान की मुश्किल यह रही है कि उनका आईपीएल में आगाज बेहद शानदार होता है, लेकिन बीच के सत्र में उनकी टीम पटरी से उतर जाती है। राजस्थान को यह क्रम तोड़ना होगा। यही कारण है कि पिछले छह सत्र में उनकी टीम सिर्फ दो बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर पाई है।

# पंत के आईपीएल में 3000 रन पूरे, गिल-विराट के बाद तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी, संजू-रैना का रिकॉर्ड तोड़ा

**लखनऊ।** आईपीएल 2024 में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। 168 रन के लक्ष्य को दिल्ली ने 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए डेब्यूटेंट जेक फ्रेजर मैकगर्क ने 35 गेंद में 55 रन और कप्तान ऋषभ पंत ने 24 गेंद में 41 रन की पारी खेली। इस दौरान पंत ने नौ रन बनाते ही एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने आईपीएल में तीन हजार रन पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के 25वें खिलाड़ी बने। इसी के साथ वह तीन हजार आईपीएल रन पूरे करने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। पंत ने 26 साल और 191 दिन के उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। वह छह दिन पहले यानी अगर सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ अगर यह उपलब्धि हासिल करते तो दूसरे स्थान पर काबिज विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ देते। विराट ने 26 साल और 186 दिन की उम्र में तीन हजार रन पूरे किए थे। पहले नंबर पर शुभमन गिल हैं। उन्होंने 24 साल और 215 दिन की उम्र में ही आईपीएल में तीन हजार रन पूरे कर लिए। पंत ने



इस मामले में संजू सैमसन और सुरेश रैना को पीछे छोड़ा। सैमसन ने 26 साल और 320 दिन की उम्र में तीन हजार रन पूरे किए थे। वहीं, रैना ने 27 साल और 161 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। आईपीएल में तीन हजार रन पूरे कर चुके 25 खिलाड़ियों में से पंत का स्ट्राइक रेट तीसरा सबसे बेहतर है। पंत का आईपीएल में मौजूदा स्ट्राइक रेट 148.55 का है। वहीं, इस मामले में उनसे आगे सिर्फ एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल है। डिविलियर्स का आईपीएल में 151.68 का स्ट्राइक रेट और गेल का 148.96 का स्ट्राइक रेट है। पंत ने लखनऊ के खिलाफ अपनी 41 रन की पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, जेक फ्रेजर ने 35 गेंद में दो चौके और पांच छक्के की मदद से 55 रन की पारी खेली। फ्रेजर केवल 22 साल के हैं और साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी हैं। उन्हें आईपीएल में अगला बड़ा प्लेयर माना जा रहा था और डेब्यू पर इस तरह की पारी खेल उन्होंने खुद को साबित किया। इससे पहले लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 167 रन बनाए थे। आयुष बदोनी ने 35 गेंद में 55 रन की पारी खेली थी। वहीं, कप्तान केएल राहुल ने 22 गेंद में 39 रन बनाए थे। कुलदीप यादव ने तीन विकेट झटके। यह दिल्ली की छह मैचों में दूसरी जीत रही। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर आ गई। वहीं, लखनऊ की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। दिल्ली का अगला मैच 17 अप्रैलक को गुजरात टाइटंस से है, जबकि लखनऊ की टीम 14 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

# डेब्यू पर छाए दिल्ली के नए सिक्स हिटर जेक फ्रेजर; नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा रिप्लेसमेंट बनकर आए

**लखनऊ।** आईपीएल 2024 में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में दिल्ली की टीम ने 22 साल के युवा खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और कप्तान ऋषभ पंत की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की। मैकगर्क ने जहां आईपीएल डेब्यू पर सूझबूझ वाली पारी खेल अर्धशतक जमाया, वहीं पंत ने 41 रन की पारी खेली। यह इस सीजन दिल्ली की दूसरी जीत रही। टीम इस मैच से पहले दबाव में थी, लेकिन मैकगर्क ने दबाव में शानदार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। मैकगर्क को लेकर पिछले काफी समय से क्रिकेट की दुनिया में काफी चर्चा हो रही है। उन्हें सिक्स हिटर कहा जाता है। मैकगर्क साउथ ऑस्ट्रेलिया से आते हैं और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में काफी छक्के जड़े हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने लखनऊ के स्टार स्पिनर क्रुणाल पांड्या की गेंद पर तीन छक्के जड़े। इसी साल फरवरी में मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और दो वनडे खेले थे। इस साल भारत में मनाया जन्मदिन जेक फ्रेजर मैकगर्क का जन्म 11 अप्रैल 2002 को हुआ था और हाल ही में उन्होंने भारत में ही अपना 22वां जन्मदिन मनाया। वह मूलतः विक्टोरिया के रहने वाले हैं। उन्होंने कई एज ग्रुप्स में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। इनमें 2019 में अंडर-19 विश्व कप भी शामिल है। घरेलू टूनामेंट्स में विक्टोरिया के लिए कुछ बेहतरीन प्रदर्शन की वजह से वह चर्चा में आए। 2019/20 शील्ड एंड मार्श कप में उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी ने यह बताया कि वह आने वाले समय में ऑस्ट्रेलिया के सितारों में से एक हैं। उन्होंने वहां भी डेब्यू पर अर्धशतक जड़ा था। तब वह 18 साल के भी नहीं हुए थे। लिस्ट-ए में जड़ चुके सबसे तेज शतक फ्रेजर मैकगर्क के नाम लिस्ट-ए में सबसे तेज शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 29 गेंद में शतक जड़ा था और एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा था। डिविलियर्स ने 31 गेंद पर शतक जड़ा था। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम उन्हें इस साल मिला, जब ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्हें डेब्यू करने का मौका मिला। उनका नाम इस साल के लिए ऑक्शन लिस्ट में भी था। हालांकि, उन्हें किसी ने नहीं खरीदा। जेक फ्रेजर की किस्मत तब खुली जब दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोटिल हो गए। दिल्ली टीम मैनेजमेंट ने फ्रेजर को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना। आईपीएल डेब्यू के लिए छह मैचों का इंतजार हालांकि, आईपीएल डेब्यू के लिए उन्हें छठे मैच तक का इंतजार करना पड़ा। मिचेल मार्श का चोटिल होना और टीम के कुछ खिलाड़ियों के खराब फॉर्म ने टीम मैनेजमेंट को फ्रेजर को प्लेइंग-11 में शामिल करने के लिए मजबूर किया और अब अपने डेब्यू पर ही वह छा गए। शुक्रवार को भी अपनी 55 रन की पारी में फ्रेजर ने दो चौके और पांच छक्के जमाए। उनके आंकड़ों की बात करें तो ओवरऑल इस बल्लेबाज ने 38 टी20 खेले हैं, जिसमें 135.13 के स्ट्राइक रेट से 700 रन बनाए हैं। इनमें चार अर्धशतक शामिल हैं। फ्रेजर ने टी20 में 46 चौके और 40 छक्के लगाए हैं। टी20 क्रिकेट में अब तक जड़ चुके 40 छक्के वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए दो वनडे में उन्होंने 51 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने छह चौके और चार छक्के लगाए। 21 लिस्ट-ए मैचों में फ्रेज 32.81 की औसत और 143.83 के स्ट्राइक रेट से 525 रन बना चुके हैं। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। लिस्ट ए क्रिकेट में उन्होंने 61 चौके और पांच छक्के लगाए हैं। फ्रेजर ने शुक्रवार को आईपीएल डेब्यू पर भी कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करते हुए दूसरी सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। पहले नंबर पर नाबाद 58 रन के साथ गौतम गंभीर हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान के खिलाफ दिल्ली के लिए डेब्यू करते हुए यह रन बनाए थे।



### फ्रेजर ने बनाए हैं कई रिकॉर्ड

वहीं, किसी भी टीम के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल डेब्यू कर सबसे बड़ी पारी खेलने वालों में भी जेक फ्रेजर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। इस लिस्ट में पहले नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व क्रिकेटर माइकल हसी हैं। उन्होंने भी 2008 में आईपीएल डेब्यू चेन्नई टीम के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए किया था और पंजाब के खिलाफ मोहाली में नाबाद 116 रन की पारी खेली थी। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विद्युत शिवरामकृष्णन, कुमार संगकारा और अंगकृश रघुवंशी हैं। इन तीनों ने आईपीएल डेब्यू तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए ही किया और 54-54 रन बनाए। अंगकृश ने इसी साल दिल्ली के खिलाफ डेब्यू किया था।

# 'रोहित अगले साल चेन्नई के लिए खेलते दिखाई दे सकते हैं', इंग्लैंड के इस पूर्व कप्तान का बड़ा दावा



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का सीजन शुरू हो चुका है और सभी टीमों ने लगभग अपने आधे मैच खेल लिए हैं। अगले सीजन के लिए मेगा नीलामी होनी है, लेकिन उससे पहले ही इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक बड़ा दावा किया है। वॉन का मानना है कि मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अगले साल से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि ऋतुराज गायकवाड़ शायद सिर्फ सीजन ही सीएसके की कप्तानी करेंगे। 'धोनी का सही विकल्प होंगे रोहित' वॉन ने कहा कि रोहित शर्मा धोनी के सही विकल्प हो सकते हैं। वॉन का कमेंट उस वक्त सामने आया है जब धोनी के आईपीएल करियर को लेकर कई तरह की चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि धोनी का यह आखिरी आईपीएल है और इसके बाद वह इस टूनामेंट को अलविदा कह देंगे। मालूम हो कि आईपीएल 2024 सीजन की शुरूआत से पहले धोनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ दी थी और उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ ने टीम की कमान संभाली थी। गायकवाड़ की कप्तानी में सीएसके का इस सीजन प्रदर्शन ठीक रहा है और टीम ने अबतक पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। क्या रोहित की भी होगी हूटिंग? वॉन ने एक पॉडकास्ट में कहा, मुझे लगता है कि रोहित चेन्नई जाएंगे और धोनी को रिप्लेस करेंगे। ऋतुराज इस साल उनकी जगह भूमिका निभा रहे हैं। हो सकता है रोहित अगले साल यह रोहित करते दिख सकते हैं। मैं उन्हें चेन्नई में देखता हूं। अगर वह चेन्नई के कप्तान बनते हैं और मुंबई आते हैं तो क्या उनकी हूटिंग की जाएगी? रोहित की जगह हार्दिक को मिली थी कमान मुंबई इंडियंस ने इस सीजन से पहले रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को टीम की कमान सौंपी थी।

# बेटी की स्कूल फीस नहीं भरी, लेकिन धोनी को देखने के लिए खर्च किए 64 हजार रुपये!

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी का नाम भारत और दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। दुनियाभर में उनके कई फैंस हैं। 42 साल की उम्र में भी वह आईपीएल में अपनी विकेटकीपिंग स्किल और बल्ले से जलवा बिखेर रहे हैं। माही के फैंस न केवल उन्हें अपना आदर्श मानते हैं बल्कि कुछ उनकी पूजा भी करते दिखे हैं। धोनी का क्रेज ऐसा है कि ये सब बातें आम लगती हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बनने के बाद चेन्नई समेत दक्षिण भारत में भी उनकी फैन फॉलोइंग में गजब का इजाफा हुआ है। हालांकि, एक फैन ने निश्चित रूप से क्रिकेटर के लिए अपने प्यार या पागलपन की सभी हदें पार कर दीं।



इस फैन ने आठ अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच के दौरान धोनी की एक झलक पाने के लिए 64 हजार रुपये की भारी राशि खर्च की। वह अपनी तीन बेटियों के साथ मैच देखने पहुंचा था। शख्स की बेटी ने कही यह बात

वहीं, उस शख्स की एक बेटी ने कहा, 'मेरे पिता ने टिकट पाने के लिए बहुत मेहनत की है। जब धोनी खेलने आए तो हम बहुत खुश थे।' इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उस फैन ने सारी हदें पार कर दीं। चेन्नई और कोलकाता के बीच मुकाबले की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 137 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 58 गेंद में नौ चौके की मदद से 67 रन की नाबाद पारी खेली। जडेजा को 15वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। उन्होंने सीएसके के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वालों में धोनी की बराबरी की। अंक तालिका में केकेआर दूसरे और सीएसके तीसरे नंबर पर है।

# आयुष बदोनी और अरशद के बीच हुई रिकॉर्ड साझेदारी, हॉज-क्लासेन समेत इन खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सीजन की दूसरी जीत दर्ज की। पंत की दिल्ली टीम ने लखनऊ के नवाबों को छह विकेट से मात देकर उनके जीत के रथ को रोक दिया। इस मैच में लखनऊ की तरफ से आयुष बदोनी ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्धशतकीय पारी के साथ टीम का स्कोर 160 रनों के पार पहुंचा दिया। युवा बल्लेबाज ने विरोधी टीम के खिलाफ अरशद खान के साथ रिकॉर्ड 73 रनों की नाबाद साझेदारी निभाई। दोनों के बीच आईपीएल में आठवें विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी हुई। इस सीजन के 25वें मैच में लखनऊ ने दिल्ली के खिलाफ 20 ओवर में सात विकेट खोकर 167 रन बनाए। इसके जवाब में पंत ने की टीम ने



18.1 ओवर में चार विकेट खोकर 170 रन बनाए और छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। दिल्ली की इस जीत में जेक फ्रेजर मैकगर्क ने अहम योगदान दिया। उन्होंने अपने डेब्यू मैच में जोरदार पचासा ठोका। वहीं, कप्तान पंत 41 रन बनाने में कामयाब हुए। आयुष-अरशद ने संभाली पारी इस मुकाबले में लखनऊ का शीर्ष बल्लेबाजी क्रम कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया। केएल राहुल, आयुष बदोनी और अरशद खान के अलावा कोई भी खिलाड़ी विकेट पर ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया। 13 ओवर के बाद लखनऊ ने 94 रन के स्कोर पर सात विकेट खो दिए थे। क्विंटन डिकॉक ने 19, देवदत्त पडिक्कल ने तीन, मार्कस स्टोइनिस ने आठ, निकोलस पूरन ने शून्य, केएल राहुल ने 39, दीपक हुड्डा ने 10 और क्रुणाल पांड्या ने तीन रन बनाए। इसके बाद पारी को आयुष बदोनी और अरशद खान ने संभाला। दोनों के बीच आठवें विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई। इस दौरान बदोनी ने पांच चौकों और छक्के की मदद से 55 रन बनाए जबकि अरशद खान ने 20 रन बनाए। दोनों बल्लेबाज इस मैच में नाबाद रहे। आयुष और अरशद के बीच हुई रिकॉर्ड साझेदारी दिल्ली के खिलाफ लखनऊ के आयुष और अरशद ने रिकॉर्ड साझेदारी निभाई। आईपीएल के इतिहास में यह दूसरी बड़ी साझेदारी है। इससे पहले राशिद खान और अल्जारी जोसेफ के बीच पिछले साल 88 रन की नाबाद साझेदारी हुई थी। तीसरे नंबर पर ब्रैड हॉज और जेम्स फॉकनर का नाम शामिल है जिन्होंने आईपीएल 2014 में 69 रन की साझेदारी निभाई थी।

# मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल की भारतीय टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने पिछले क्वालीफायर में भाग लेने वाली भारतीय टीम में छह बदलाव किये है। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसमें सभी मुक्केबाज कोटा स्थान हासिल करने में असफल रहे थे। इसके बाद हाई परफार्मेंस निदेशक बर्नार्ड डन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। विदेशी कोच दिमित्री दिमित्रुक, सी.ए. कुट्टप्पा और धर्मेंद्र यादव की देखरेख में किये गये नवीनतम मूल्यांकन में 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) के साथ ही अनुभवी शिव थापा (63.5 किग्रा) और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन



लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। पंघाल ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों और 2024 स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में स्वर्ण पदक जीता था। वह हालांकि मूल्यांकन में बार-बार भोरिया से पीछे रहे, इसलिए एशियाई खेलों और पहले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में जगह नहीं बना पाये थे। भारत ने 2024 ओलंपिक के लिए अब तक चार कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं, जिसमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुड्डा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने पिछले साल एशियाई खेलों में पेरिस का टिकट कटाया था। तोक्यो ओलंपिक में भारत के नौ मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था।

# गंभीर ने स्टार्क का बचाव किया, व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीम की सफलता पर फोकस करने पर जोर



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक टीम की सफलता पर फोकस करने पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि इस आईपीएल में खराब फॉर्म के कारण मिचेल स्टार्क को बुरा गेंदबाज नहीं कहा जा सकता। आस्ट्रेलिया के स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा था जो अभी तक 77 की औसत से दो ही विकेट ले सके हैं और चारों मैचों में 11 से अधिक की औसत से रन दिये। गंभीर ने उनका बचाव करते हुए कहा, खराब आंकड़े मायने नहीं रखते। टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों की धुनाई होती ही है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच से पहले गंभीर ने कहा, टीम खेल में जीत मायने रखती है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं। मैं किसी के प्रदर्शन से खुश क्यो नहीं होऊंगा। अच्छा बुरा दिन खेल में आता है लेकिन टीम की जीत अहम है। उन्होंने कहा, पहले चार मैच में हमें अच्छे परिणाम मिले। हमें पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है।चार मैच उसे बुरा गेंदबाज या अच्छा गेंदबाज नहीं बनाते। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। उन्होंने कहा, ह्यह्य व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में बात करने की कोई वजह नहीं है। मेरा मानना है कि स्टार्क ने अच्छा खेला है। वह जल्दी ही असर छोड़ेगा क्योंकि इसके लिये ही उसे चुना गया है।

# आस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी 2-3 से हारा भारत श्रृंखला में सूपड़ा साफ

**पर्थ।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने 3.2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5.0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1.5, 2.4, 1.2, 1.3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था। भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के लिये जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई।



हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। आस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। भारत को 37वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया। आस्ट्रेलिया ने एक मिनट बाद विलोट के गोल के दम पर बढत बना ली। इसके एक मिनटबाद ब्रांड ने एडी ओकेंडेन के पास पर तीसरा गोल भी दाग दिया। भारत को 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमित रोहिदास गोल नहीं कर सके। मेजबान टीम को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर को भारतीय डिफेंस ने बचाया। भारत के लिये दूसरा गोल धामी ने आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले रिवर्स हिट पर दागा।

# मोनू व सीमा का सगाई समारोह सम्पन्न



गाजियाबाद ( करंट क्राइम ) । ओशक कुमार त्यागी के सुपुत्र मोनू त्यागी की सगाई अमरीश त्यागी की सुपुत्री आयु. सीमा त्यागी के साथ सम्पन्न हुई। सगाई समारोह में अनेकं गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

# भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर का 133 वा जन्मोत्सव मनाया

**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में भारतीय विधिवेत्ता, प्रमुख अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, दलित बौद्ध आंदोलन के प्रेरक, देश के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार, बोधिसत्व भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं छात्रों ने अभिनंदन करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह, पूर्व मेजर व संचालन एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर व डॉ. पूनम वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बोलते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शोषितों, दलितों, बौद्धों एवं पिछड़ों के उत्थान में फैले आर्थिक, सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए





जीवनभर कार्य किया तथा सभी को समता, समानता और बंधुत्व का श्रेय दिया। वरिष्ठ प्रवक्ता आरके सिंह ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी हम सबके लिए प्रेरणा है, साथ ही उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने पर बल दिया। दिनेश बालियान, शरद कुमार बाजपेयी, बलराम सिंह, डॉ. संजय मोर्य, तेजवीर सिंह, डॉ. कामिनी आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर वाई सी शर्मा, संजीव कुमार, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. एके जैन, अनिल कुमार, अदिता त्यागी, सीमा सिंह, डॉ. भावना सिंह, डॉ. वर्षा चैधरी, नीता शर्मा, राजीव कुमार, हरिओम त्यागी, सुधीर शर्मा, केजी शर्मा, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, शिवानी बागोरिया, रवींद्र शर्मा, राजीव जाँगिड, संजीव चैधरी, सुशील हरित, सोमबीर, सुनील कुमार, योगेंद्र कुमार, मधुकान्त, गौरव त्यागी, राजीव सिंह, रेखा, कामिनी, रूमा चौधरी, ममता गिरी, शैलसुता व ज्योति आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक स्थानों पर भी भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर का 133 वा जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# प्रेमी के खिलाफ अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की कराई रिपोर्ट

## प्रेमी चार साल से शादी का झांसा देकर प्रेमिका से बना रहा था संबंध

**लोनी ,करंट क्राइम।** प्रेम करना युवती को इतना मंहगा पड़ गया कि प्रेमी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ गई। युवती ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी जिसमें उल्लेख किया है कि उसके प्रेमी के साथ चार वर्ष से प्रेम संबध थे और शादी का झांसा देकर संबध स्थापित करता रहा। वीडियो कॉलिंग भी करता था जब युवती के माता पिता ने युवती की शादी की बात चलाई तो युवती ने अपने प्रेमी से शादी करने के लिए बोला लेकिन उसने साफ मना कर दिया और धोखे से अश्लील फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीड़िया इंस्टाग्राम पर वायरल कर धमकी देने लगा कि यही फोटो वीडियो उसके परिजनों को भेजूंगा। युवती परेशान हो गई तथा ट्रॉनिका सिटी थाने में प्रेमी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रानिका सिटी थाने की खुशहाल पार्क कॉलोनी निवासी एक युवती ने बताया कि चार वर्ष से दिल्ली तीसरा पुस्ता निवासी समीर से प्रेम प्रसंग चल रहा था रिलेशनशिप के दौरान समीर ने युवती की अश्लील वीडियो बना ली। कुछ दिन पूर्व युवती के माता पिता ने शादी की बात चलाई तो युवती ने अपने प्रेमी समीर से शादी करने को कहा लेकिन उसने साफ मना कर दिया। युवती का आरोप है



कि समीर चार वर्ष से झांसा देकर संबंध स्थापित करता रहा और अब अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी और धमकी दे रहा है कि दोबारा शादी का नाम लिया तो वीडियो और फोटो तेरे घर वालों को भेज दूंगा। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि शुक्रवार को युवती ने अपने प्रेमी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# सरकार और समाज दोनों के समन्वित प्रयासों से ही शिक्षा नीति का पूर्ण क्रियान्वयन सम्भव: डॉ. अतुल कोठारी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन मोदीनगर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय चिंतन बैठक का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र में उपस्थित विद्वतजनों में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा, संस्कृति, उत्थान व न्यास के सचिव डॉ. अतुल कोठारी विशेष अतिथि हरेंद्र सिंह, प्रांत अध्यक्ष मेरठ वीरेंद्र कुमार प्रांत संयोजक, मेरठ उदयन शर्मा, न्यासी, वृंदावन शोध संस्थान, स्वदेशी जागरण मंच, प्रांतीय सह विचार प्रमुख, ब्रज क्षेत्र फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ. डीके मोदी, ट्रस्टी संजय गुप्ता, एसके नायर सभी संस्थाओं के प्राचार्य, आचार्यगण, कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएंएवं अतिथिगण मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं वेद मंत्रों के उच्चारण से किया गया। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों को शोल ओढ़ाकर तथा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट कैप्टन राजीव सक्सेना द्वारा सभी विद्वानों का परिचय कराते हुए स्वागत किया गया। इसके बाद संस्थान के अध्यक्ष प्रो. डॉ. डीके मोदी द्वारा अपने स्वागत भाषण में संस्थान तथा उसमें चल रहे शैक्षणिक नवाचारों के विषय में अतिथियों को बताया गया। इसके बाद सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि, शिक्षा, संस्कृति, उत्थान व न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों को न्यास अभियान के रूप में लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि न्यास का लक्ष्य देश की शिक्षा को नया विकल्प देना है। यह सिर्फ.नारा नहीं है, न्यास कोई भी बात करता है वो पहले प्रत्यक्ष अनुभव करता है उसके बाद बोलता है और यही भारतीय पद्धति व परम्परा है। हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आयी जो देश का भविष्य बदलने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में सरकार और समाज एक रेल के दो पहिए की तरह हैं दोनों के समन्वय और संतुलन से ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन सम्भव है। बैठक के विषय में जानकारी देते हुए प्रांत संयोजक वीरेंद्र कुमार तथा प्रांत अध्यक्ष हरिंदर सिंह ने बताया कि आगामी योजना के अंतर्गत न्यास वैदिक गणित, बीज गणित, ज्यामिति का पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है, साथ ही शोध, पर्यावरण, तकनीकी शिक्षा, चरित्र निर्माण, शिक्षक, शिक्षा जैसे न्यास के सभी विषयों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी व कार्यशाला आयोजित करेगा। उन्होंने समय के साथ शिक्षा के बदलते स्वरूप को बताते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा में हमें चैट जीपीटी और एआई पर भी विचार करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर बात करते हुए कहा कि हमें मातृभाषा की व्यवहारिकता पर विशेष बल देना होगा।

## युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर के एक गांव निवासी महिला ने अपनी पुत्री को गांव के ही एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। हापुड़ के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी पुत्री 20 वर्षीय पुत्री को 10 अप्रैल 2024 को गीता पत्नी सुरेश अपने साथ खेत पर काम कराने के लिये ले गई । जब उसकी पुत्री शाम तक घर पर नहीं आई तो वह गीता के घर गई और उससे अपनी पुत्री के बारे में जानकारी की। जिस पर गीता का पति बोला कि वह थोड़ी देर में आ जायेगी लेकिन पूरी रात बीत जाने के उसकी पुत्री घर पर नहीं आई और कुछ लोगों से पता चला है कि गीता का पुत्र देवेन्द्र उर्फ कालू पुत्र सुरेश उसकी पुत्री दीपा को कही पर भगा ले गया है।




## जून के बाद बढ़ेगी 2015 बैच वालों की टेंशन




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद सिस्टम में जून के बाद 2015 बैच वालों की टेंशन बढ़ाने वाली है। कमिश्नरेट वाले पुख्ता सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में 2015 बैच के टू-स्टारों की पोस्टिंग है। वहीं सुनने में आ रहा है कि मौजूदा समय में अधिकांश प्रमुख चौकियों, नदियापार से लेकर देहात के कई प्रमुख थानों में भी टू-स्टार 2015 बैच का डंका बजता हुआ ही नजर आ रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के लाइन वाले खास कार्यालय से लेकर कई आईपीएस अधिकारियों के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर भी 2015 बैच के बताए जा रहे हैं। वहीं तमाम पिंक बूथ की कमान भी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में 2015 बैच वालों के कंधों पर है। तो रेलवे लाइन के बराबर वाला थाना हो या दिल्ली से सटे नमो भारत स्टेशन के बराबर का पुलिस स्टेशन हर जगह 2015 वालों ने कुर्सी संभाली हुई है। वहीं कमिश्नरेट के ही सूत्रों से सुनने में आया है कि 30 जून के बाद 2015 बैच वाले उपनिरीक्षकों को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से जाना होगा। इसमें कुछ का समय तो मई माह में ही पूरा हो रहा है, तो कुछ को जून तक यहां से विदाई लेनी होगी। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि कई टू-स्टार तो अभी से पास वाली कमिश्नरेट और दूसरे जोन में एंट्री लेने के लिए अभी से जुगाड़ सेट करने में लग गए हैं। तो कुछ को उम्मीद है कि उन पर ऊपर वाले साहब का आशीर्वाद मिल जाएगा और वह बच सकते हैं, पर ऐसा होना अभी मुमकिन नजर नहीं आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले 2015 बैच के ही सूत्र बता रहे हैं कि कई टू-स्टार को तो अभी से ही रात में नींद नहीं आ रही है और दिन का चैन छिन गया है कि आने वाली जून के बाद उनका क्या होगा। वहीं विश्वसनीय सूत्रों से सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि एक टू-स्टार जो वर्तमान में थाने की कमान पर हैं वह अपने एक गुरु जी की शरण में जाने के लिए प्रयासरत है। अब देखना होगा आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 2015 बैच का क्या समीकरण बनता है और किसको कमिश्नरेट से आउट और किसको इन रहने में सफलता हासिल होती है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अभी वर्तमान समय में बैच 2015 वालों की संख्या बड़ी और मुख्य धारा से जुड़ी बताई जा रही है। अब देखना होगा जून के बाद होता है क्या।

# दबंगों ने पूर्व सभासद व उसके साथी को जमकर पीटा

**लोनी ,करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की खुशहाल पार्क कॉलोनी में पोलो कार सवार तीन दबंगों ने घर के बाहर खड़ी एक महिला से बेवजह गाली गलौज की। इसी दौरान महिला का पुत्र मौके पर आ गया और दबंगों को समझाया तो दबंग वहा से चले गये लेकिन मामला यहीं तक नहीं रुका महिला का पुत्र एवं पूर्व सभासद शाम करीब पौने छह बजे घर से एक भूखंड खरीदने के उद्देश्य से निकले। कुछ ही दूरी पर उपरोक्त तीनों दबंगों ने रोक लिया और लाठी डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी जिसमें दोनों बुरी तरह से चोटिल हो गये। तीनों दबंगों के विरुद्ध थाने में रिर्पोट दर्ज करा दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। खुशहाल पार्क कॉलोनी निवासी खालिद ने बताया कि बीते दिवस सुबह लगभग 10 बजे कॉलोनी के ही रहने वाले शौकत, परवेज और कुर्बान पोलो कार पर सवार होकर गली से गुजर रहे थे ।

खालिद का आरोप है कि जैसे ही वह उसके घर के सामने पहुंचे तो दरबाजे पर उसकी मां खड़ी थी उपरोक्त तीनों दबंगों ने कार रोककर गाली गलौज की। तेज आवाज सुनकर खालिद भी घर से बाहर आ गया और तीनों को समझा बुझाकर भेज दिया। लेकिन शाम 6 बजे के आसपास खालिद व पूर्व सभासद गुडडू कॉलोनी में ही भूखंड खरीदने के उद्देश्य से घर से निकले, रास्ते में उपरोक्त तीनों दबंगो ने पूर्व सभासद व खालिद की जमकर धुनाई कर दी जिससे वह दोनों चोटिल हो गये। खालिद ने ट्रॉनिका सिटी थाने में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# तार चोर गिरोह के सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह के एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बिजली का तार बरामद किया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मोदीनगर, निवाड़ी व भोजपुर थानान्तर्गत एकाएक जंगल में बिजली तार चोरी की घटना बढ़ गई थी। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया गया। उन्होंने बताया कि गांव भोजपुर से चेकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अरुण पुत्र रामलाल निवासी शांतिनगर थाना विजयनगर गाजियाबाद बताया है। पुलिस ने उसके पास से 28 किलोग्राम बिजली के तार भी बरामद किए है। पकड़ा गया बदमाश गिरोह में शामिल बदमाशों के पास चोरी की घटना को अंजाम देता था।

# सड़क निर्माण कार्य को लेकर वकीलों व ठेकेदार के बीच जमकर मारपीट

**मोदीनगर करंट क्राइम।** सड़क निर्माण कार्य में व्यवधान पैदा करने को लेकर ठेकेदार व वकीलों के बीच मामूली कहासुनी हो गयी। मामूली कहासुनी के चलते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलने पर पहुंचे वकीलों ने थाने पहुंचकर जमकर हंगामा काटा और आरोपी ठेकेदार के विरुद्ध मारपीट, चैन लूट व उंगली चबाने का आरोप लगाते हुए गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है। गुरुवार की सायं जब मुरादनगर के असालतनगर निवासी गाजियाबाद सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सिद्धार्थ त्यागी अपने मित्र उपेंद्र त्यागी के साथ निवाड़ी रोड स्थित सिटी केयर हास्पिटल में भर्ती अपने साथी को देखने के लिये जा रहे थे, अस्पताल जाने वाले मार्ग का पालिका के ठेकेदार मनोज शर्मा की ओर से



निर्माण कार्य कराया जाा रहा है। कार्य की देखरेख कर रहे केशु व दो श्रमिकों ने निर्माण कार्य वाली सड़क पर चलने से उन्हें रोक दिया, जिसे लेकर दोंनो पक्षों के बीच गाली गलौच व मारपीट हो गई, जमकर हंगामा भी हुआ। सूचना मिलने पर पंहुचे अन्य वकीलों ने इस मुद्दे को लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर थाने पर हंगामा किया। वकील सिद्धार्थ त्यागी ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि उसके साथ ठेकेदार मनोज, उसके भाई ठेकेदार केशु व दो अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट की ओर उसकी उंगली दांतों से चबा ली। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग निकले। जब कि आरोपी ठेकेदार मनोज ने कहा कि आरोप झूठे है, शिकायतकर्ता ने वकील का रौब गालिब करते हुए ठेकेदार व श्रमिकों को पीटा, साथ ही काम रुकवा दिया और भुगत लेने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र पांडे का कहना है कि पीडित पक्ष की दी तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच करायी जा रही है ओर घटनास्थल के पास की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जायेगी।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर युवक ने ऑनलाइन ठगे 1.95 लाख रुपए

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक व्यक्ति से प्लॉट दिलाने के नाम पर दो लोगों द्वारा ऑनलाइन 1.95 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आईटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर की मुलतानीपुरा कॉलोनी निवासी ओम पंडित परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास काफी समय पहले एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि




हम आपको को सस्ते दाम पर प्लॉट दिला सकते हैं। इसके बाद उन्होंने फोन पर ही प्लॉट की लोकेशन व फोटो भेजे। पंसद आने पर सौदा तय हो गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोंनो ने उनसे जीएसटी, रेंट व सिक्योरटी के लिए पैसा मांगा।

उन्हें 1.95 लाख रुपए ऑनलाइन भेज दिए। पैसे भेजने के बाद से उनका मोबाइल बंद आ रहा है। मोबाइल बंद होने पर पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने थाने में तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है।

## दो सगी बहनें व किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है, वहीं थाना निवाड़ी क्षेत्र से भी दो बहनें लापता हो गई हैं। किशोरियों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमें काम कर रही हैं। गांव बिसोखर निवासी अर्जुन परिवार सहित रहते हैं। उनका 17 वर्षीय पुत्र आकाश चार अप्रैल को घर से बाहर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। वहीं निवाड़ी थानान्तर्गत से भी 17 वर्षीय व 13 वर्षीय दो सगी बहन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया है।

# जलेबी के बीस रुपए मांगने पर दंबग ने महिला दुकानदार को पलटा मारकर किया घायल

**मोदीनगर करंट क्राइम।** जलेबी के बीस रुपए मांगने पर दंबग ने महिला दुकानदार को पलटा मारकर घायल कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की जगतपुरी कॉलोनी निवासी महिला कविता देवी कॉलोनी में ही हलवाई की दुकान का संचालन करती है। महिला ने बताया कि पिछले दिनों कॉलोनी निवासी एक युवक नितिन ने बीस रुपए की उधार जलेबी ली थी। फिर से युवक ने महिला से बीस रुपए की जलेबी ले ली। जब महिला ने पैसे मांगे तो बाद में देने की बात कहकर जाने लगा। इस बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने पलटा से वार कर महिला को घायल कर दिया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने नितिन निवासी जगतपुरी कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# महिला से मोबाइल व नकदी लूटी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलन्द हैं। बाइक सवार दो बदमाशों ने दोपहर बच्चों को स्कूल लेने गई सैनिक की पत्नी से मोबाइल और नकदी लूट ली। महिला ने शोर मचाया, तब तक आरोपी फरार हो गए।

निवाड़ी मार्ग स्थित आरएन एन्क्लेव निवासी रेखा ने बताया कि उनके पति सेना में तैनात हैं। दोपहर एक बजे के आसपास रेखा बच्चों को स्कूल से लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दो बाइक



सवार युवकों ने रेखा से पर्स लूट लिया। पर्स में मोबाइल, पांच सौ रुपए की नकदी और घर की चाबी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रेखा को धक्का देकर फरार हो गए। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**विवाहिता को बंधक बनाकर लाखों के गहने और नकदी लूट ली**

बताते चलें कि बीते बुधवार को नगर के महेश मार्ग से कोरियर देने के बहाने बाइक सवार बदमाश युवती से मोबाइल लूट ले गए थे। इसी दिन कस्बा निवाड़ी में बदमाशों ने विवाहिता को बंधक बनाकर लाखों के गहने और नकदी लूट ली थी। पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

# पाक : चुनाव में धांधली को लेकर विपक्षी महागठबंधन का एलान

## सरकार के खिलाफ देशभर में आंदोलन



**इस्लामाबाद।** सरकार के विरोध में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) एक बड़ा अभियान छेड़ने वाली है। आठ फरवरी के चुनाव में कथित धांधली और जनादेश से छेड़छाड़ कर सरकार बनाने के खिलाफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने विपक्षी दलों के महागठबंधन के साथ मिलकर आज देशव्यापी आंदोलन का एलान किया।

महागठबंधन, जिसमें छह राजनीतिक दल शामिल हैं, की बैठक शुक्रवार देर रात शुरू हुई, जो शनिवार तक चली। इस दौरान तहरीक तहफुल्ला अईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) ने पाकिस्तान के संविधान की रक्षा के लिए एक आंदोलन में साथ देने का फैसला किया। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विपक्षी गठबंधन के आंदोलन शुरू करने से संकेत मिलता है कि चुनाव के बाद शांति और राजनीतिक स्थिरता का सपना अधूरा ही रह जाएगा।

### गठबंधन में यह पार्टियां

बता दें, पीटीआई ने उन पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, जिन्होंने आठ फरवरी के चुनाव के नतीजों पर आपत्ति जताई थी। विरोध करने वाली पार्टियां बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएएनपी), पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी (पीएकेएमपी), जमात-ए-इस्लामी (जी), मुत्ताहिदा वहदत-उल-मुस्लिमीन (एमओएम) आदि हैं।

**कई घंटों तक बैठक चली :** बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल की अध्यक्षता में कई घंटों तक बैठक चली। इस दौरान फैसला लिया गया कि पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी (पीएकेएमपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा, बैठक में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के अध्यक्ष साहिबजादा हामीद रजा खान, मजलिस वहादत मुस्लिमीन के प्रमुख राजा नसीर अब्बास और जमात ए इस्लामी के नेता लिकायत बलूच भी शामिल हुए।

### यह आंदोलन करने का उद्देश्य

पीटीआई महासचिव उमर अयूब खान ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि आंदोलन करने का उद्देश्य देश में कानून का शासन बहाल करना है और इसे शनिवार से बलूचिस्तान के पिशिन इलाके से एक सार्वजनिक रैली के साथ शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'सभी क्षेत्रों में बिगड़ते हालात के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी इच्छा से विपक्षी गठबंधन में शामिल हुए हैं।'

# पाकिस्तान में फिर सेना बनाम पुलिस

## सैन्यकर्मी पर छापेमारी से नाराज जवानों ने थाना घेरा

**बहावलपुर/लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार और पाकिस्तान सेना ने शुक्रवार को एक सेवारत अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और सेना के जवानों के बीच चल रही जंग की जांच कराने का फैसला किया, ईद के दिन यह मुद्दा सोशल मीडिया का चर्चा का विषय बना रहा। गौरतलब है कि मदरसा पुलिस के स्टेशन हाउस अधिकारी समेत चार कर्मियों पर एक व्यक्ति और उसके दो बेटों को अधिकार के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



### मामले में एक पुलिस एसएचओ निलंबित

इस मामले ने तूल पकड़ा और एक अन्य पुलिसकर्मी मारूट पुलिस एसएचओ को निलंबित कर दिया गया और सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित करने के लिए उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। गौरतलब है कि 10 अप्रैल को मदरसा पुलिस में इंस्पेक्टर सैफुल्लाह हनीफ की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है कि पूर्व एसआई/एसएचओ रिजवान अब्बास, एएसआई मोहम्मद नईम, कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास और अली रजा ने मोहम्मद खलील और मोहम्मद इदरीस और उनके पिता मोहम्मद अनवर को गिरफ्तार किया, जिन्हें 8 अप्रैल को दर्ज हुई एफआईआर में नामित किया गया था।

**बिना लाइसेंस की पिस्तौल रखने के आरोप में की थी छापेमारी :** आरोपी पुलिसकर्मियों ने उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बजाए 24 घंटे से अधिक समय तक थाने में हिरासत में रखा। सूत्रों के मुताबिक, एएसआई नईम और थानेदार रिजवान अब्बास ने सात अप्रैल को चक सरकारी निवासी मोहम्मद अनवर के बेटे रफाकत को बिना लाइसेंस की पिस्तौल रखने के आरोप में गिरफ्तार करने के लिए उसके घर पर छापेमारी की थी।

**सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही वीडियो :** इस बीच, अनवर के बेटे मोहम्मद खलील, एक सैन्य अधिकारी, ने अपने भाई इदरीस और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दो पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। जल्द ही, पुलिस अधिकारियों को बंधक बनाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया।

इसी बीच, पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और थानेदार और एएसआई को मुक्त कराया और मोहम्मद अनवर और उसके बेटों खलील और इदरीस को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने न केवल परिवार के सदस्यों को गंभीर यातनाएं दीं बल्कि घर में तोड़फोड़ भी की। इस हरकत का एक वीडियो भी वायरल हुआ।

वहीं एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि बहावलनगर की घटना खेदजनक है और पंजाब सरकार ने इस घटना के तथ्यों का पता लगाने और जिम्मेदारी तय करने के लिए गृह विभाग के साथ-साथ राज्य सुरक्षा एजेंसियों को शामिल करते हुए एक संयुक्त जांच दल का गठन किया है।



### रिपोर्ट में किया गया दावा

# यूक्रेन पर हमले में चीन कर रहा रूस की सहायता

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच रूस के सबसे बड़े सैन्य विस्तार में चीन उसकी मदद कर रहा है। इससे यूक्रेन में चिंताएं बढ़ने लगी है। एक अधिकारी ने दावा किया कि चीन और रूस मिलकर रूस के भीतर ड्रोन के उत्पादन में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। चीन का समर्थन रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमला जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मौजूदा स्थिति में यूक्रेन की सेना हथियारों की कमी से जूझ रही है। इसी बीच अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से कीव को नए अमेरिकी सैन्य सहायता पैकेज पर वोटिंग को रोकने के बाद यूक्रेन की चिंता और भी बढ़ गई थी।

**चीन को रूस की सहायता करने से रोकना होगा: अमेरिकी अधिकारी**

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका को यूक्रेन का समर्थन करने के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) को रूस को अपने सैन्य औद्योगिक के पुनर्गठन में मदद करने से रोकना होगा। उन्होंने आगे कहा कि रूस पीआरसी के मदद के बिना अपने युद्ध प्रयासों को जारी रखने में संघर्ष करेगा। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि चीन ने रूस को मशीन टूल्स में 900 मिलियन डॉलर का 70 फीसदी से अधिक प्रदान किया। उन्होंने आगे बताया कि रूस के 90 फीसदी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स आयात का इस्तेमाल मिसाइल, टैंक और एयरक्राफ्ट बनाने में किया जाता है। अमेरिका इसे लेकर चीन को परिणाम भुगतने की चेतावनी दे चुका है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और यूरोप की तुलना में रूस तोप के लिए तीन गुना से अधिक गोला-बारूद तैयार कर रहा है। रूस में इतने बड़े पैमाने में तोप के लिए गोला-बारूद बनाने में चीन की प्रमुख भूमिका है।

### अमेरिका की चीन को चेतावनी

इस महीने की शुरूआत में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से फोन पर संपर्क किया। इस दौरान अमेरिका ने रूस पर बढ़ता चीन के समर्थन पर चिंता व्यक्त की थी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी अपनी यूरोप यात्रा के दौरान चीन के समर्थन पर चिंता व्यक्त की थी। अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद से ही चीन को रूस को घातक हथियार प्रदान करने से बचने की चेतावनी देता रहा है।

# बलूचिस्तान में आतंकियों का जबर्दस्त खौफ

## कार पर की गोलीबारी, 11 लोगों की कर दी हत्या

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत 11 लोगों की हत्या कर दी। पहली घटना में आतंकवादियों ने नोस्की जिले में हाईवे पर बस को रोका और बंदुक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया।



एक अधिकारी ने कहा, ₹इन नौ लोगों का शव पास के पहाड़ी इलाके में पाया गया। उनके शरीर में गोली लगने के निशान थे।₹ उन्होंने आगे बताया कि बस क्वेटा से ताफ्तान की तरफ जा रही थी। कुछ आतंकवादियों ने बस को रोककर उसमें से नौ लोगों को पहाड़ी इलाके की तरफ ले गए।

**आतंकवादियों ने एक कार पर की गोलीबारी :** वहीं एक अन्य घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि हाईवे पर 11 लोगों की मौत के जिम्मेदार आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा। उन्हें जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस हमले में शामिल आतंकवादियों का पीछा किया जा रहा है। उनका (आतंकवादियों) एकमात्र उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नष्ट करना है। गृह मंत्री मोहसीन नकवी ने भी इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है।

**बलूचिस्तान में बढ़ने लगे आतंकी हमले :** फिलहाल किसी भी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि पिछले कुछ समय से प्रांत में आतंकी हमले बढ़ने लगे हैं। इन हमलों में मुख्य रूप से सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रांत में हाल ही में माच शहर, ग्वादर बंदरगाह और तुरबत में एक नौसैनिक अड्डे में हुए तीन बड़े आतंकी हमलों की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी ने ली थी।

# 'इस्राइल पर जल्द से जल्द हमला कर सकता है ईरान', बाइडन ने किया अलर्ट

**वाशिंगटन।** हमास-इस्राइल जंग के बीच एक और युद्ध छिड़ता दिख रहा है। बताया जा रहा कि ईरान इस्राइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। इसको देखते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ईरान जल्द से जल्द इस्राइल पर हमला करेगा। बता दें, हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी। ईरान ने हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

**ईरान को दी सलाह :** बाइडन से जब पूछा गया कि इस्राइल पर ईरान का हमला कितना खतरनाक होगा, तो उन्होंने कहा, 'मैं सुरक्षित जानकारी में नहीं जाना चाहता, लेकिन उम्मीद है कि जल्द से जल्द हमला होगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया कि इस्राइल पर हमला करने की संभावनाओं पर ईरान को क्या संदेश देना चाहेंगे, इस पर उन्होंने कहा, 'ऐसा न करें'।

उन्होंने कहा, 'हम इस्राइल की रक्षा के लिए समर्पित हैं। हम इस्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस्राइल की रक्षा करने में मदद करेंगे और ईरान सफल नहीं होगा।'

पिछले हफ्ते सीरिया में एक ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इस्राइल के हमले के बाद व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि ईरान द्वारा हमले शुरू करने का 'वास्तविक, विश्वसनीय और व्यवहार्य' खतरा बना हुआ है।

### यह है मामला

एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि इस्राइल को सजा दी जानी चाहिए। उस पर इस्राइली विदेश मंत्री ने कहा था कि अगर ईरान हमला करता है तो हम कड़ा जवाब देंगे।

# सिडनी मॉल में चाकूबाजी-गोलीबारी में पांच की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस का अभियान जारी है। घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल है। हालांकि वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल परिसर से जुड़ी घटना पर न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक पोस्ट साझा किया। जिसमें कहा गया कि बॉन्डी जंक्शन पर एक व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला किया गया। शनिवार शाम 4 बजे से ठीक पहले कई लोगों को चाकू मारने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने का आग्रह किया जाता है। घटना के संबंध में पूछताछ जारी है। पुलिस ने कहा कि सिडनी में चाकू से हमला करने वाले व्यक्ति को हमला गिराया गया है।




**मॉल के भीतर हुई गोलीबारी की घटना :** वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मॉल के भीतर से गोलीबारी की आवाज आ रही थी। लोगों पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना को बाद भीड़ को इधर-उधर भागते हुए देखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कई पुलिस गाड़ी और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रही है।

# राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर की बढ़ी मुश्किलें

## अदालत ने नशीली दवाओं और बंदूक मामले में ठुकराई अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। डेलावेयर में एक संघीय न्यायाधीश ने उनके खिलाफ अवैध रूप से बंदूक रखने के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया है।



बता दें, हंटर बाइडन ने हथियार खरीदने के लिए झूठ बोलने और बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स का इस्तेमाल करने के आरोपों के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया था। हालांकि, संघीय न्यायाधीश मैरीलेन नोरिका ने शुक्रवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

यह पहला मौका है, जब अमेरिका में किसी मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे के खिलाफ आपराधिक आरोप तय हुए हैं। जून के पहले सप्ताह के दौरान सुनवाई होगी।

**यह है मामला :** इससे पहले पिछले साल अदालत ने माना था कि हंटर ने हथियार खरीदने के लिए कई बार झूठ बोला है। उन पर अक्तूबर 2018 में बंदूक खरीदने के दौरान अपनी नशे की लत को लेकर झूठ बोलने का भी आरोप है। कहा गया था कि हंटर ने जब अक्तूबर 2018 में डेलावेयर के कॉल्ट कोबरा स्पेशल स्टोर से बंदूक खरीदी थी। तो उस समय बंदूक खरीदने के लिए उन्होंने जो फॉर्म भरे थे, उसमें उन्होंने झूठी जानकारी दी थी। उन्होंने उस समय कहा था कि वह ड्रग्स का आदी नहीं है जबकि ऐसा नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने हंटर को इस मामले में दोषी माना है।

**हंटर ने दोषी नहीं होने का अनुरोध किया :** हंटर बाइडन लगातार इन आरोपों से इनकार कर रहे हैं। वहीं, उनकी कानूनी टीम ने तर्क दिया था कि उनके मुवक्किल को वर्तमान राष्ट्रपति के साथ उनके पारिवारिक संबंध के कारण गलत तरीके से फंसाया जा रहा था। हंटर बाइडन के वकीलों ने तर्क दिया था कि मामला राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने दावा किया था कि मूल याचिका सौदे से छूट का प्रावधान जो टूट गया था वह अभी भी कायम है। उन्होंने अभियोजन का नेतृत्व करने के लिए डेलावेयर में अविशेष वकील डेविड वीस की नियुक्ति को भी चुनौती दी थी।

हालांकि, संघीय न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विशेष वकील डेविड वीस की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार अटॉर्नी जनरल को स्वयं राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया गया था। जो हंटर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। न्यायाधीश नोरिका ने अपने फैसले में कहा कि हंटर पर आरोप लगाने वाली कार्यकारी शाखा का नेतृत्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा किया जा रहा है, जो फिलहाल उनके पिता है।

# हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल पर दर्जनों मिसाइलें दागीं

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष के छह महीने से अधिक बीत चुके हैं। अब तक 33 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा घटनाक्रम में लेबनान की तरफ से हिजबुल्लाह ने उत्तरी इस्राइल पर दर्जनों मिसाइलें दागीं हैं। लेबनान को कथित तौर पर ईरान का समर्थन हासिल है। ताजा घटनाक्रम में इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने कहा कि शुक्रवार आधी रात के बाद लेबनान से उत्तरी इस्राइल की तरफ लगभग 40 रॉकेट दागे गए। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के मुताबिक हमलों को आयरन डोम एंटी-मिसाइल सिस्टम की मदद से नाकाम कर दिया गया। कुछ मिसाइलें खुले इलाकों में गिरीं, जबकि कुछ मिसाइल लेबनान की सीमा में ही रह गए।




अखबार के अनुसार, सीरिया में ईरानी दूतावास पर इस्राइल ने हवाई हमला किया था। इस कार्रवाई में ईरान के दो शीर्ष जनरलों की मौत हो गई थी। इस हमले से बौखलाए तेहरान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से आई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ईरान शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात इस्राइल पर हमला कर सकता है।

ईरान की ओर से हमले की आशंका के बीच चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला ने इस्राइल के ऊपर 40 से अधिक रॉकेट दाग दिए हैं। इस्राइली रक्षा बलों ने बताया कि इस हमले में कोई मारा नहीं गया है। रक्षा बलों ने इस हमले का वीडियो जारी किया है। उत्तरी इस्राइल के गैलिली में हुए हमले के दौरान हिजबुल्ला के दो ड्रोन को इस्राइली सेना ने मार भी गिराया।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

ईरान सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले का बदला लेने के लिए जल्द ही इस्राइल पर हमला कर सकता है। अमेरिकी मीडिया ने यह आशंका जताई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने तनाव को देखते हुए शुक्रवार को अपने नागरिकों को ईरान व इस्राइल की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है। साथ ही, इस्राइल में अप्रैल-मई में 6,000 मजदूर भेजने के फैसले को भी अगले आदेश तक के लिए टाल दिया गया। विदेश मंत्रालय ने ईरान व इस्राइल में रह रहे भारतीयों से भी अत्यंत सतर्कता बरतने और भारतीय दूतावास से संपर्क कर पंजीकरण कराने को कहा है।

# भद्रेश पटेल को पकड़ने के लिए की इनाम की घोषणा

**वाशिंगटन।** अहमदाबाद के वीरमगाम के रहने वाले भारतीय नागरिक भद्रेश कुमार पटेल की अमेरिका जांच एजेंसी एफबीआई पिछले आठ वर्षों से तलाश कर रही है। एफबीआई ने दस सबसे ज्यादा वांछित भगोड़े भद्रेश कुमार की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को दो लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है।

**2015 में पत्नी हत्या के बाद से है फरार**

गौरतलब है कि गुजरात का रहने वाला भद्रेशकुमार 2017 से एफबीआई की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। गुजरात के अहमदाबाद का रहने वाला भद्रेशकुमार ने अमेरिकी की जांच एजेंसी एफबीआई के नाक में दम कर रखा है। 2017 से मोस्ट वांटेड की सूची में आने के बाद से ही उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार एफबीआई जांच कर रही है। भद्रेश कुमार पर 2015 में मैरीलैंड राज्य के हनोवर में डंकिन डोनट्स कॉफी शॉप के अंदर अपनी पत्नी की चाकू से हत्या करने का आरोप है।

# पाक में वाणिज्य परिसर के लिए ऐतिहासिक हिंदू मंदिर ध्वस्त, 1947 से पहले तक होती थी पूजा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास ऐतिहासिक हिंदू खैबर मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया है। मंदिर लंडी कोटाल बाजार में था, जो 1947 से बंद था। अब यहां पर एक वाणिज्यिक परिसर का निर्माण हो रहा है। करीब 15 दिन पहले साइट पर निर्माण शुरू हुआ है।

दूसरी तरफ, प्रशासनिक अधिकारियों का दावा है कि यहां कोई हिंदू मंदिर नहीं था। निर्माण कार्य नियमों के अनुसार हो रहा है। लंडी कोटाल के प्रमुख आदिवासी पत्रकार इब्राहिम शिनवारी ने कहा, मंदिर लंडी कोटाल बाजार के केंद्र में स्थित था, जिसे 1947 में स्थानीय हिंदू विरोध के बाद बंद कर दिया गया था।

**अमेरिकी मंदिरों पर हमले होने व हिंदूफोबिया की निंदा का प्रस्ताव \:** अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदानों का जिक्र करते हुए प्रमुख भारवंशी सांसद श्री थानेदार ने ह्यहिंदूफोबियाह्ल व हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत (हिंदूफोबिया) की निंदा करते हुए प्रस्ताव पेश किया। अमेरिकी संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) में पेश किए गए प्रस्ताव को सदन की निरीक्षण और जवाबदेही समिति के पास भेजा गया है।

प्रस्ताव के मुताबिक, अमेरिका में हिंदू-अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में रूढ़िवादिता तथा दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है।

# भाजपा की जीत का आधार बनेगा सबका साथ सबका विश्वास : बेबी रानी मौर्य

## मोदी ने बाबा साहेब को भारत रत्न के साथ पंच तीर्थ देकर हमारे दिलों को छुआ है: बेबी रानी मौर्य

**मुझे विश्वास है भाजपा सबका साथ सबका विश्वास की नीति पर सफल होगी और हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत भी सफल होगी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर द्वारा आयोजित शहर विधानसभा के मुख्य बूथ सम्मेलन का प्रदेश की महिला कल्याण बाल विकास और पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, सेक्टर संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री और मंडल प्रभारी प्रमुख रूप से आमंत्रित किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्य ने सम्मेलन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गाजियाबाद में निश्चित ही जीतेगी ।

जिस प्रकार जनता का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को अब तक मिलता चला आ रहा है और कार्यकर्ताओं का उत्साह जिस प्रकार दिख रहा है मुझे विश्वास है भाजपा सबका साथ सबका विश्वास की नीति पर सफल होगी और हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत भी सफल होगी। हमारी बूथ जीतने की रणनीति तय है ..मेरा बूथ सबसे मजबूत, बूथ जीता चुनाव जीता। इसी के आधार पर संगठन कार्यकर्ता हर बूथ जीतेगा, हर वार्ड जीतेगा, हर ब्लॉक जीतेगा,हर विधानसभा जीतेगा पूरी लोकसभा जीतेगा, प्रदेश जीतेगा और देश जीतेगा। अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को सार्थक करने के लिए हमें बूथ की प्रचंड जीत को ही आधार बनाना है।





### दलित समाज मोदी की तीसरी पारी को लाने में अपना अहम किरदार अदा करेगा : बेबी रानी मौर्य

**करंट क्राइम।** मंत्री बेबी रानी मौर्या ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए बताया कि देश के प्रधानमन्त्री मोदी ने दलित, शोषित पिछड़े वर्गो की चिंता की है उनको सम्मान दिया है। मोदी ने बाबा साहब को भारत रत्न और पंच तीर्थ देकर हमारे दिलों को छुआ है। आज दलित समाज मोदी की तीसरी पारी को लाने में अपना अहम किरदार अदा करेगा। बूथ सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे संजीव शर्मा ने कहा कि अभी तक भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में मैंने गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं का सेवक और सहयोगी बनकर कार्य किया है और आगे इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में करता रहूंगा।

### भाजपा ने राष्ट्र भक्ति को हमेशा सर्वोपरि ही माना : अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** भाजपा और आरएलडी के अधिकृत प्रत्याशी और उत्तर प्रदेश शासन में मंत्री रहे अतुल गर्ग ने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहा है। कार्यकर्ताओं को उनके कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में आप जैसे सभी कार्यकताओं के द्वारा भाजपा को नई सफलताएं प्राप्त हो रही हैं जिसका जीता जाता उदाहरण आप 2014 से देख ही रहे हो। पहले कहा जाता था कि एक बार भाजपा की सरकार एक बार कांग्रेस सरकार लेकिन हमारी प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है। भाजपा ने राष्ट्र भक्ति को हमेशा सर्वोपरि ही माना है अगर हम पूर्व सम कालखंड को देखें तो आपको नजर आएगा कि वैश्विक दृष्टि पर भारत को कोई सम्मान नहीं मिलता था लेकिन 2014 के बाद नरेंद्र मोदी की सरकार में नेतृत्व में हमारे देश को सम्मान की नजर से देखा जाता है इसका उदाहरण जी-20 की मिली अध्यक्षता , विश्व पटल पर देश की मजबूत पहचान है मोदी का सपना नया भारत श्रेष्ठ भारत बनाना है।

**ये चेहरे रहे बूथ सम्मेलन में मौजूद**

वक्ता के रूप में लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन ने प्रत्येक बूथ पर 370 वोट अधिक कराने की बात कही। बूथ सम्मेलन में लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, हातम सिंह नागर, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, सुनील यादव, प्रदीप चौहान, रनिता सिंह, प्रदीप चौधरी, राजीव शर्मा, संयोजक राजेश शर्मा, राकेश त्यागी, मनोज यादव, राजीव अग्रवाल सहित सभी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सैक्टर संयोजक, सैक्टर प्रभारी,पार्षद, मंडल महामंत्री आदि उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों उलझ गए थे रोड शो की तैयारियों को लेकर दो भाजपाई? क्या किस्से में है किसी जाली का सीन? रेड क्वार्टर वाले ने रूल बता दिया था कुछ ज्यादा ही महीन? दिल्ली गेट वालों का इसी बात पर हो गया था मूड पूरी तरह अपसेट? कहने वाले ने कहा इस मामले में नही हैं भगवा सिंगल का कोई सानी? अगर रकम दूसरे की हो तो अगला बहा देता है उसे ऐसे जैसे हो वो पानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसे तो सही नही माना जायेगा किसी भी विधि? क्या जोश में आकर लिख दिया उसने अपने नाम के साथ सांसद प्रतिनिधि? व्हाट्सएप वाले खाते को देखकर चल रही है ऐसी बातें? कहने वाले ने कहा कि ये तो उम्मीदवार को देखना है और उन्हें चाहिए कि वो निर्वाचन से पहले सांसद प्रतिनिधि बन गए अपने कर्मचारी को डांटे? माना कि लगाव है माना की पूरा जोश है? लेकिन आजकल स्क्रीन शॉट का जमाना है और लोग निकाल लेते फिर दोष है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस इलाके में उठ रही है विरोध की ज्वाला? आप लिख कर रख लो यहीं से है इस बार कमल खिलने वाला? ये अभी का विरोध है और धीरे धीरे खतम हो जाना सारा ही गतिरोध है? अभी भगवा तलवारों का म्यान से बाहर आना शेष है? आप समझा करो उनका राजपूताना में सम्मान ही कुछ विशेष है? इंतजार कर लो बस कुछ दिनों की बात शेष है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक चुनावी दफ्तर में देखा हमने बहुत ही बुरा हाल? सब्जी के टाइम पर खतम हो गए टमाटर और प्यास लगने पर नही था यहां पीने को वाटर? यहां हो रही थी इसी बात पर चर्चा? कैसे बचाया जाए चुनावी दफ्तर में होने वाला खर्चा? सुना है वो चेहरे भी अब हो गए हैं अंडर ग्राउंड? जो गए थे साथ में उन्हे भरवाने लोकसभा का पर्चा? हो सकता है चुनाव लड़वाने वाली टीम का ये कोई अपना मैनेजमेंट? कहने वाले तो कहते ही रहते हैं और करते हैं कमेंट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उनके चुनाव लड़वाने वाले बयान पर मत दो ध्यान? बस चुनाव नतीजे वाले दिन रखना इस बात पर नजर? उनके मोहल्ले से मिलती है उम्मीदवार को कितनी वोट? अगर गली मोहल्ले से भी नही दिलवा सकते वो वोट? तो क्या फायदा उनका और क्या करेगी उनकी सपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या भगवा गढ़ के केसरिया शूरवीर चलाने वाले हैं एक दूसरे पर तीर? केसरिया शूरवीर ने ही आगे की भगवा महाभारत का सीन समझाया? तीरों की शुरू हो गई है बरसात? आप को ट्रैफिक वाली लाइट से समझ लेने चाहिए जंग के जज्बात? आप को सुन कर हो सकती है हैरानी? एक दूसरे को सियासी मैदान में निबटाने की शुरू हो गई है कहानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों की अपनी ही सरकार में चल रही है अपनो से ही तकरार? जब पुलिस ने मैडम को पूछताछ के लिए बुलाया? तो भाजपाइयों ने घेर लिया थाना? फिर सीन हो गया शुक्रवार की रात को रिपीट? फिर से गूंजी थाने में भगवा ललकार? केसरिया तरुण फिर पहुंचे अपने घर? कहने वाले ने कहा अब बड़े नेताओं का जरूरी हो गया है दखल? माना कि सियासी पारा ही है हाई? लेकिन इधर भी और उधर भी हैं तो अपने ही भाजपाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर जी के प्लान बनाने को लेकर किसी ने बेमतलब में उड़ाई है अफवाह ? कोई एक ऐसा विरोधी चेहरा है जो नहीं चाहता राजनीतिक में मिले उनको कोई वफा ? सोची समझी रणनीति के तहत खराब की जा रही है उनकी बात ? किसी के यहाँ पर कोई भी भविष्य वाली प्लानिंग नहीं बनी है ? जो अफवाह है वो है पूरे तरीके से बकवास ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नव वाले नीत जी को नही रही है अब पॉलिटिक्स से कुछ ज्यादा प्रीत? वो भी निगम चुनाव के बाद गए हैं अपने काम से रखना काम अब सीख? उनके भीतर का भगवा देवतुल्य जब भी मारता है जोर? वो कर लेते हैं अपनी कार का रुख भगवा चुनाव दफ्तर की ओर? नाराजगी अपनी जगह है और पार्टी के प्रति वफादारी का भी मन में है एक छोर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि व्यापार मंडल की भगवा भक्ति से हैं एक दल के उम्मीदवार नाराज? जब किसी ने उन्हें व्यापार मंडल के स्वागत में बुलाने की करी बात? तब उम्मीदवार ने साफ कह दिया कि फूलों की माला मुझे पहनोगे मगर करनी है तुम्हे फूल वालों की जिंदाबाद? फल वाली सभा में जाकर भी नही होना है हमे कुछ हासिल? जो व्यापार मंडल अध्यक्ष रोड शो में कर रहे थे डांस? मैं कैसे मान लूं कि वो हमे देंगे कोई चांस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## महापौर ने अधिकारियों संग किया शहर के 5 तालाबों का निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ शहर में बदहाल हो रहे तालाबों का निरीक्षण किया जिसमें गांव सिखरोड,मेनापुर,रहीसपुर,सदरपुर, एवं महरौली के तालाबों को देखा गया। अधिकांश तालाबों की स्थिति ठीक नही है जिनके सौन्दर्यीकरण की अति आवश्यकता है, सौंदर्यीकरण होने से शहर का जलस्तर भी बढ़ेगा।

अधिकांश नई कॉलोनियों में जल निकासी की भी बहुत समस्या है, तालाब में पानी पहुंच नहीं पा रहा और पहुंचता है तो ओवरफ्लो होकर कॉलोनी में ही जल भराव रहता है जिसके चलते लगातार शिकायत भी आ रही थी तभी महापौर ने सहायक अभियंता, अवर अभियंता के साथ निरीक्षण किया और इस व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारू करने की योजना भी बनाई।

तालाबों के सौंदर्यीकरण के बाद उसमें मछली डाली जाएंगी,उसमें कमल लगाए जाएंगे। साथ ही तालाब की ओवरफ्लो की स्थिति के लिए नाले के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था भी की जाएगी। सदरपुर का तालाब 35 से 40 बीघा का है जिससकी पैमाइश कराकर सौन्दर्यीकरण कराया जाना है इस कार्य को सफल बनाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी और चुनाव के बाद सौंदर्यीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## जीत का मूल मंत्र बूथ जीता चुनाव जीता: स्वतंत्र देव सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा ने साहिबाबाद विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन इंदिरापुरम स्थित ग्रैंड प्याज कानावानी में किया। मुख्य वक्ता के रूप में मंत्री जल शक्ति विभाग एमएलसी स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की।

कार्यक्रम में मंचासीन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला,लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, विधानसभा प्रभारी सुखविंदर सोम, विधानसभा चुनाव संयोजक राजेश्वर प्रसाद ,महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, संजीव झा,चमन चौहान, साहिबाबाद मीडिया प्रभारी धीरज अग्रवाल , डॉ. नमित वार्ष्णेय, लोकसभा विस्तारक अंकित शर्मा , साहिबाबाद विधानसभा विस्तारक अजीत पटेल उपस्थित रहे। मंचासीन वक्ताओं ने सभी बूथ अध्यक्ष, सैक्टर प्रभारी, सैक्टर संयोजकों का संगठनात्मक मार्ग दर्शन किया। मुख्य वक्ता स्वतंत्र देव सिंह ने अपने संबोधन में कहा जब हम कमल पर मुहर लगाते हैं तो श्रीनगर के चौक पर तिरंगा लहराता है। चुनावी जंग की जीत बूथ जीता चुनाव जीतने के मूल मंत्र पर आधारित है। बूथ अध्यक्ष और उनकी टीम ने मंच से अतुल गर्ग को साहिबाबाद विधानसभा से तीन लाख वोट से जिताने का ऐलान किया।

## बाबा साहेब को मानना ही नहीं जानना भी जरूरी: समाजसेवी सिकंदर यादव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज बाबा साहेब की 133वीं जयंती, जो पहले भारत में ही मनाई जाती थी आज पूरे विश्व के प्रमुख देशों में मनाई जा रही हैं। बाबा साहब को बोधिसत्व विश्व रतन की उपाधि प्राप्त है, जोकि भारत में अकेले व्यक्ति हैं। भारत में बाबा साहेब की विचारधारा बहुत तेजी से फैल रही है जहां पहले सिर्फ दलित वर्ग ही बाबा साहेब को मानता था आज भारत की बड़ी आबादी जिसमें पिछड़े व अल्पसंख्यक भी शामिल हैं उनका अनुसरण कर रहे हैं परंतु बाबा साहब को सिर्फ मानना ही जरूरी नहीं है वरन उनको जानना व उनके विचारों पर चलने से ही उनके स्वप्न को साकार किया जा सकता है। बाबा साहेब स्वतंत्रता, समानता व न्यायप्रिय समाज चाहते थे वो ही उन्होंने संविधान में दिया।

भारत की बात करें तो भारत उस समय ही विश्व गुरु बना जब भारत से निकलकर बौद्ध धर्म पूरे एशिया में फैला और बौद्ध धर्म की आधारशिला करुणा, मैत्री व न्याय पर ही टिकी है। इसी को आधार बनाकर दुनियाभर के संविधान का अध्ययन करने के बाद बाबा साहब ने भारत का संविधान रचा। ज्यादातर लोग बाबा साहब के प्रति श्रद्धा तो रखते हैं परंतु उनके विचारों से अनजान हैं या उनके मार्ग पर चलने को तैयार नहीं होते हैं। जैसे बाबा साहब ने अपनी 17 प्रतिज्ञाओं में वर्णन किया है मांस, मदिरा का सेवन न करना, व्यभिचार न करना, चोरी, छल कपट न करना व कर्मकांड व आडंबर वाली पूजा ना करना।

उन्होंने अपने चरित्र को ऊंचा रखने की बात कही, उन्होंने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा। साथ ही उनका मानना था कि इस देश के वंचित शोषित लोगों को अपना इतिहास जरूर जानना चाहिए क्योंकि जब तक वे अपना इतिहास नहीं जानेंगे वो अपना उज्जवल भविष्य नहीं बना सकते। बाबा साहब का मानना था कि व्यक्ति को अपना चरित्र हमेशा ऊंचा रखना चाहिए उन्होंने महिलाओं को हमेशा पुरुषों के बराबर अधिकार देने की वकालत की वो जानते थे कि भारत एक मजबूत राष्ट्र तभी बन सकता है जब देश में जाति वर्ग के आधार पर भेदभाव ना हो और आपसी भाईचारा बना रहे साथ ही अभिव्यक्ति का अधिकार व समाज व आर्थिक भेदभाव व अवसर की समानता रहे।

## एबीईएस में 16वां डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में आज 16वें डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण हुए बी.टेक., एम.टेक., एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. के 1239 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई तथा 65 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. पांडेय, कुलपति, डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक जैन, वैज्ञानिक, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा किया गया। कॉलेज के निदेशक प्रो. डी. के. शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. पांडेय ने कहा कि यह समारोह हमें विद्यार्थियों को उनके द्वारा किये गये कठिन परिश्रम एवं सफलता को सम्मानित करने का मंच प्रदान करता है। साथ ही यह भी समझना चाहिए कि वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए, वर्तमान समय में उच्च तकनीकि शिक्षा प्राप्त युवाओं के भारतीय रक्षा एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में उनकी आवश्यकता को राष्ट्र की उन्नति के लिये महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन नीरज गोयल ने डिग्री एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भविष्य में उन्नति हेतु शुभकामनाएं दीं। वाइस प्रेसीडेन्ट सचिन



गोयल, सलाहकार रघुनन्दन, जनरल सेक्रेटरी शाश्वत गोयल भी उपस्थित रहे। बिजनेस स्कूल के निदेशक प्रो. अजय सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री नितिका जैन, सह-संयोजक डॉ० डी. के. आर्या, समस्त डीन, समस्त विभागाध्यक्ष, एवं मीडिया प्रभारी डॉ. तरूण अरोड़ा का विशेष योगदान रहा।

## महापौर ने अतिक्रमण अभियान के नोटिस पर लगाई रोक



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** शहर में अतिक्रमण की शिकायत लगातार प्राप्त होती रहती हैं जिन पर नगर निगम लगातार कार्रवाई भी करता है।

ऐसे ही महापौर सुनीता दयाल को शहर में मुख्य बाजार में नगर निगम द्वारा नोटिस भेजने एवं अतिक्रमण हटाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर महापौर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई तो पता चला कि जन सुनवाई के माध्यम से यह शिकायत प्राप्त हुई थी जिसका संज्ञान लेकर नोटिस भेजा गया लेकिन महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों द्वारा नोटिस भेजने पर रोक लगा दी है और कहा है कि अगर किसी भी प्रकार की कोई अति आवश्यक शिकायत प्राप्त होती है तो वह महापौर एवं उच्च अधिकारियों के संज्ञान के बिना अमल में न लाई जाए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये महज एक फोटो नही है ये एक परंपरा है ये एक परिवार है और सभी का सम्मान करना इनका संस्कार है। ये परिवार वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों का परिवार है। अतिथि देवो भव भले ही पिताजी बाहर गए हैं लेकिन संस्कार यहीं हैं। उनके पुत्रों उज्ज्वल प्रकाश गर्ग और हिमांशु गर्ग ने राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय का अपने प्रतिष्ठान में पधारने पर स्वागत किया। खास बात ये कि चुनावी दोस्ती रालोद से है लेकिन विचारधारा का पटका भगवा ही रहेगा। सम्मान संस्कार परंपरा और राजनीतिक विचारधारा का खूबसूरत संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।